# प्रतिमा तोड़ने से शहीदों की आत्मा घायल, निगम अधिकारी दोषी

## अशफाक उल्ला खां के प्रपौत्र व साहित्यकार सुधीर विद्यार्थी ने की संयुक्त पत्रकार वार्ता, विदेश तक गूंजा मामला, उच्च स्तरीय जांच की मांग

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** नगर निगम परिसर में स्थापित काकोरी कांड के शहीदों की प्रतिमाओं को बुलडोजर से तोड़कर डंपिंग ग्राउंड में फेंके जाने के मामले में बुधवार को शहीद अशफाक उल्ला खां के प्रपौत्र के साथ प्रख्यात क्रांतिकारी साहित्यकार सुधीर विद्यार्थी ने प्रेस कांफ्रेंस के दौरान कहा कि इस घटना की जितनी भी निंदा की जाए कम है। इस घटना से पूरा जिला आहत और शर्मिंदा है। शहीदों के प्रति ऐसी अपमानजनक घटना का शहीदों की नगरी में होना बेहद शर्मनाक है। इस कृत्य से शहीदों की आत्मा घायल हुई है। इसके लिए नगर निगम के अधिकारी सीधे तौर पर दोषी हैं। इसलिए इनके खिलाफ कार्रवाई होना चाहिए।

बुधवार को शहर के एक होटल में आयोजित पत्रकार वार्ता में बरेली से आए सुधीर विद्यार्थी ने नगर निगम परिसर में स्थापित शहीदे वतन ठाकुर रोशन सिंह, पं राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी प्रेम किशन खन्ना की प्रतिमाओं पर बुलडोजर चलाने की घटना पर भावुक होकर कहा कि यह मुद्दा पूरे देश-दुनिया में चर्चा का विषय बना हुआ है। कैलिफोर्निया, जर्मनी, कनाडा से इस घटना को लेकर विरोध प्रस्ताव आ रहे हैं। जालंधर से भी पंजाबी भाषा में निंदा प्रस्ताव आया है। जिले में शहीदों का जो अपमान हुआ है, उससे कैसे उबरा जाए। इसका क्या विकल्प हो सकता है। इस पर हम सब चर्चा और विचार विमर्श कर निर्णय लेंगे।

उन्होंने कहा कि शहीदों की इन प्रतिमाओं को बड़ी बेरहमी से अपमानजनक तरीके से तोड़ा गया। 19 दिसंबर 1927 को इन क्रांतिकारियों का फांसी दी गई थी। लेकिन शाहजहांपुर के हुक्मरानों को लगा कि अभी इनकी कुछ सांसें बाकी हैं। इसलिए 23 मार्च को शहीद दिवस पर इन शहीदों की प्रतिमाओं पर बुलडोजर चलाकर उनको दोबारा मृत्युदंड देने का काम किया गया है। शहीद स्मारक को ध्वस्त किया जाना जिले में काले अध्याय के रूप में लिखा जाएगा। इसकी भरपाई किसी तरीके से नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि देश-विदेश से आने वाली बड़ी-बड़ी हस्तियां यहां आकर इन क्रांतिकारियों को शीश नवाते और श्रद्धा सुमन अर्पित कर स्वयं को धन्य मानते हैं। उन्होंने कहा कि इतना बड़ा कृत्य हुआ और अधिकारियों को कुछ भी पता न हो, ऐसा हो ही नहीं सकता। एक अधिकारी का नाम लिए बगैर कहा कि उन्हें मालूम ही नहीं है कि नगर निगम परिसर के शहीद स्मारक में तीन शहीदों और एक स्वतंत्रता सेनानी की प्रतिमाएं लगी थीं। उन्होंने सवाल किया कि नगर निगम के अधिकारियों का प्रतिमाओं पर बुलडोजर चलने की जानकारी कैसे नहीं हुई। घटना की उच्च स्तरीय जांच होने के साथ-साथ हर दोषी को कड़ी सजा मिले।

**कम्युनिस्ट पार्टी ने की रासुका की मांग:** शहीदों की प्रतिमाएं तोड़ने के लिए जिम्मेदार अधिकारी और कर्मचारियों पर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने रासुका लगाने की मांग की है। पार्टी की ओर से घटना के विरोध में प्रदर्शन किया गया। जिसमें कामरेड राम शंकर लाल ने कहा कि इस घटना के दोषियों को बख्शा नहीं जाना चाहिए। इतना गैर जिम्मेदाराना कदम उठाने वालों के खिलाफ रासुका की कार्रवाई की जानी चाहिए ताकि भविष्य में कोई इस तरह की घटना करने से पहले हजार वार सोचे। विरोध करने वालों में नील कमल, मोहम्मद सलीम आदि शामिल रहे।


पत्रकार वार्ता करते अशफाक उल्ला खां के प्रपौत्र और साहित्यकार सुधीर विद्यार्थी।

### नगर आयुक्त ने माना गलती हुई

सुधीर विद्यार्थी ने बताया कि उनके पास नगर आयुक्त का फोन आया। जिसमें उन्होंने माना कि गलती हुई है। वह बार बार माफी मांग रहे थे। नगर आयुक्त कह रहे थे कि उनके कार्यकाल में ऐसी घटना हो गई। उनके ऊपर दाग लग गया। नगर आयुक्त ने उन्हें व्हाट्सएप मैसेज भेजकर भी क्षमा मांगी।

### विश्वास में लेकर प्रतिमाओं को सम्मान पूर्वक शिफ्ट करना चाहिए था : अशफाक

अशफाक उल्ला खां ने कहा कि शहीदों की प्रतिमाओं का अगर शिफ्ट किया जाना था, तो शहीदों के परिजनों, जनप्रतिनिधियों, पार्षदों को विश्वास में लेकर उनकी मौजूदगी में यह शिफ्टिंग होना चाहिए थी। रात के अंधेरे में बुल्डोजर से प्रतिमाओं का अपमानजनक तरीके से ध्वस्त किया जाना। अत्यंत दुखद और निंदनीय है। हम सब इस घटना का विरोध करते हैं। इस घटना के लिए जो भी दोषी हो उसे कड़ी सजा दी जाए। पूर्व प्रत्याशी तनवीर सफदर ने कहा कि प्रतिमाओं पर चलने वाले बुलडोजर और ट्राली को सीज किया जाए। ड्राइवर पर भी कार्रवाई की जाए। प्रेस वार्ता में विक्रम पांडेय, ओमकार सिंह, कुमुद गंगवार, सुनीता सिंह, उपासना सिंह, पवन सिंह, पार्षद तालिब खां आदि थे।

### ज्ञापन देकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** शहीदों की प्रतिमाओं को तोड़े जाने के मामले में सेंट्रल जर्नलिस्ट एसोसिएशन ने डीएम को ज्ञापन देकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। डीएम को दिए ज्ञापन में बताया कि जनपद शहीदों की कर्मभूमि रही है। उनकी प्रतिमाओं को क्षतिग्रस्त करना जनभावनाओं को आहत करना है, बल्कि राष्ट्र के सम्मान पर भी आघात है। मांग की है कि दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। ज्ञापन देने वालों में यूनियन के जिला अध्यक्ष आनंद शर्मा, महामंत्री सुशील शुक्ला, विमलेश अवस्थी, महेंद्र चावला, विनायक मिश्रा, शिवम श्रीवास्तव, आदर्श मिश्रा, रोशन लाल पटेल आदि मौजूद थे।

# सीएम का निर्देश, 24 घंटे में लगें शहीदों की प्रतिमाएं

- बुलडोजर से तोड़ने पर एई-जेई निलंबित, फर्म ब्लैकलिस्ट

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** शाहजहांपुर में शहीदों की प्रतिमाओं को बुलडोजर से गिराने के मामले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संज्ञान लेते हुए 24 घंटे में पूरे सम्मान के साथ प्रतिमाओं को उसी स्थान पर दोबारा स्थापित करने के निर्देश दिए हैं। नगर निगम के जेई प्रमोद कुमार और एई मनोज कुमार को निलंबित कर दिया गया है, जबकि कार्यदायी फर्म फ्लाई इंफाटेक को ब्लैकलिस्ट कर दिया गया है। यह घटना 22 मार्च की रात गांधी भवन के सामने हुई थी, जहां शहीद पंडित राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां और ठाकुर रोशन सिंह की प्रतिमाओं को बुलडोजर से गिरा दिया गया था। घटना का वीडियो सामने आने के बाद मामला गरमा गया और प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई शुरू की।

इस कार्य की देखरेख जेई प्रमोद कुमार और एई मनोज कुमार कर रहे थे और लखनऊ की फर्म फ्लाई इंफाटेक 40 लाख रुपये के अनुबंध पर काम कर रही थी। मुख्यमंत्री के निर्देश पर जिला प्रशासन की ओर से फर्म के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई और उसे ब्लैकलिस्ट किया गया।

जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने इसकी पुष्टि की है। नगर आयुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्रा ने बताया कि नगर निगम की देखरेख में प्रतिमाओं को स्थापित करने का कार्य शुरू कर दिया गया है और तय समय सीमा के भीतर इसे पूरा कर लिया जाएगा। प्रतिमाओं को लगाने के लिए स्टैंड भी तैयार कर लिए गए हैं।

### सपा और कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन

प्रतिमाएं गिराए जाने के बाद मंगलवार को समाजवादी पार्टी और कांग्रेस ने विरोध प्रदर्शन किया था, जबकि पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर सरकार पर निशाना साधा। उधर, दूसरे दिन भी कांग्रेस पदाधिकारियों ने नगर निगम में धरना दिया और मांगें रखीं।

## न्यूज ब्रीफ

### दामिनी टीम गठित

**परौर, अमृत विचार :** थाना परौर क्षेत्र में बुधवार को मिशन शक्ति फेज 5 .0 के तहत महिला सुरक्षा को लेकर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम थानाध्यक्ष रामेन्द्र सिंह की मौजूदगी में संपन्न हुआ, जिसमें दामिनी पहल के तहत समाजसेवी महिलाओं की टीम का गठन किया गया। महिलाओं को महिला सुरक्षा व विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई, जिनमें 1090, 112, 1098, 181, 102, 108, 1070, 1930 और 1076 शामिल हैं। दामिनी टीम की महिलाओं को सम्मानित किया गया। उन्होंने महिला सुरक्षा के लिए पुलिस के साथ मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। वरिष्ठ उपनिरीक्षक वीकेश कुमार, मिशन शक्ति प्रभारी उपनिरीक्षक प्रभा चौधरी, महिला कांस्टेबल मंजू और कांस्टेबल हिमांशु नागर मौजूद रहे।

### आठ स्कूली वाहनों के संचालन पर रोक

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सहायक संभागीय निरीक्षक विकास कुमार ने बताया कि 16 मार्च से स्कूली वाहनों का निरीक्षण किया गया था। राना पब्लिक स्कूल पुवायां के 42 वाहनों में 05 वाहन, अकाल अकादमी के 01 वाहन, दून इंटरनेशनल के 16 वाहन में 01 व जाने नेव टेक्निकल के 09 में 01 वाहन की फर्श टूटी मिली। उन्होंने ऐसे वाहनों का संचालन तत्काल रोकने के निर्देश दिए है। दि सेक्रेट हार्ट स्कूल पुवायां के समस्त 09, ग्रीन वैली के समस्त 02 वाहन मानक के अनुरूप मिले। बताया कि 01 से 15 अप्रैल तक चेकिंग अभियान चलाया जाएगा।

### गैस कालाबाजारी पर कार्रवाई की मांग

**कांट, अमृत विचार :** सर्व समाज हिताय मोर्चा के शिष्टमंडल ने बुधवार को जिला पूर्ति अधिकारी से वार्ता कर एलपीजी गैस की कालाबाजारी व राशन घटतौली के खिलाफ ज्ञापन सौंपा। आरोप लगाया गया कि गैस एजेंसी संचालक अवैध रिफिलिंग कर रहे हैं और उपभोक्ताओं को लंबी लाइनों में परेशान होना पड़ रहा है। साथ ही कोटेदारों द्वारा राशन कम दिया जा रहा है और विरोध पर कार्ड निरस्तीकरण की धमकी दी जाती है। मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुलाम मोहम्मद नवी आजाद ने तीन दिन में कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। शिष्टमंडल का नेतृत्व जिलाध्यक्ष गुलाम गौस ने किया।

### मंडल प्रतियोगिता में 17 मेडल, शिक्षक सम्मानित

**तिलहर, अमृत विचार :** मंडल स्तरीय खेल प्रतियोगिता में कंपोजिट विद्यालय छिकड़ापुर के छात्रों द्वारा 17 मेडल जीतने पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक बृजमोहन सिंह यादव को सम्मानित किया गया। बुधवार को ब्लॉक सभागार में आयोजित कार्यक्रम में विधायक सलोना कुशवाहा ने सम्मानित करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ खेलकूद भी आवश्यक है, क्योंकि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है। उन्होंने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम में तिलहर ब्लॉक प्रमुख कविता यादव और व्यापार मंडल अध्यक्ष सौरभ गुप्ता रवि सहित अन्य मौजूद रहे।

### चैत्र पूर्णिमा पर होगा हनुमान जन्मोत्सव

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** चैत्र पूर्णिमा दो अप्रैल गुरुवार को भगवान श्री हनुमान के जन्मोत्सव के अवसर पर बाबा विश्वनाथ मंदिर प्रांगण में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम सायं 4 बजे से प्रारंभ होगा। आयोजनकर्ताओं ने बताया कि आयोजन गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी धूमधाम से मनाया जाएगा। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं और अमृत विचार टीम को सपरिवार आमंत्रित किया गया है।

### निगम प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन, युवा कांग्रेस ने फूंका पुतला



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जिला युवा कांग्रेस कमेटी की ओर से शहीद दिवस पर शहीदों की प्रतिमाओं के सौंदर्यीकरण के नाम पर उन्हें खंडित कर तोड़े जाने के विरोध में नगर निगम कार्यालय के मुख्य गेट पर नगर निगम प्रशासन का पुतला फूंका गया। नेतृत्व जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष राम जी अवस्थी ने किया। उन्होंने कहा कि शहीदों की नगरी के नाम से प्रसिद्ध शाहजहांपुर में शहीद दिवस के दिन शहीदों की प्रतिमाओं को तोड़ा जाना अत्यंत निंदनीय और दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। कहा कि प्रतिमाओं को लगे हुए 40 वर्ष से अधिक समय बीत चुका है और ये प्रतिमाएं लोगों को प्रेरणा देने के साथ सम्मान का प्रतीक रही हैं। आरोप लगाया कि नगर निगम बनने के बाद से आम जनता लगातार परेशान है और कई वर्षों से जमे अधिकारियों की मिलीभगत के कारण यह घटना हुई है। इस मौके पर जिला महासचिव गौरव त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष सोभित मिश्रा, शिवओम मिश्रा, जिला सचिव मोहम्मद आमिर, मोहम्मद अनस, महानगर अध्यक्ष शाहनवाज खान, मोहसिन खान, प्रदेश प्रवक्ता शाश्वत मिश्रा, प्रत्युष मिश्रा, मोहम्मद अयान, हिमांशु मुदगल, सुधांशु मिश्रा, हसन खान, परवेज अहमद, सौरभ मिश्रा, जमाल खान, केशव मिश्रा समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### व्यापार मंडल का विरोध, सौंपा ज्ञापन



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेश की ओर से शहीदों की प्रतिमाएं तोड़े जाने के विरोध व महानगर की विभिन्न समस्याओं को लेकर नगर निगम में नगर आयुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्रा को जिला अध्यक्ष सौमित्र गुप्ता के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा गया। जिला अध्यक्ष सौमित्र गुप्ता ने कहा कि 23-24 मार्च की रात नगर निगम प्रांगण में स्थापित देश की आजादी के लिए बलिदान देने वाले शहीदों की प्रतिमाएं तोड़े जाने की घटना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग की। महानगर अध्यक्ष मोहम्मद सलाउद्दीन अख्तर ने बताया कि कटिया टोला लाल इमली चौराहा स्थित राज हंस रेस्टोरेंट वाली गली में रेस्टोरेंट द्वारा मांस के अवशेष और गंदा पानी फेंककर गली में गंदगी फैलाई जा रही है। इस संबंध में गली के निवासियों और दुकानदारों की ओर से निगम को लिखित शिकायत दी गई, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने बताया कि वार्ड संख्या 13 मोहल्ला भारद्वाजी, मुन्नुगंज फाटक के पास निरमा वाली गली में कई महीनों से गड्ढा है और बिजली के खंभे की लाइट खराब है, जिसकी शिकायत के बावजूद समाधान नहीं किया गया। ज्ञापन देने वालों में प्रांतीय मंत्री अनूप गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष सैयद अनवर मियां, जिला कोषाध्यक्ष राजेंद्र गुप्ता, जिला मंत्री संजीव गुप्ता, महानगर महामंत्री अजय गुप्ता, मो. रफी खान, महानगर संयुक्त महामंत्री नदीम मंसूरी, पवन गुप्ता, जुबैर खान, नफीस खान, गोपाल सक्सेना, बब्बन शाह, डॉ. सिराज सिद्दीकी, अंकित सक्सेना, सगीर कुरैशी, हबीब, राहुल श्रीवास्तव समेत अन्य व्यापारी मौजूद रहे।

# प्रशिक्षण में 104 फील्ड ट्रेनरों ने सीखीं बारीकियां

जनगणना 2027

- दूसरे बैच के 24 ट्रेनरों का प्रशिक्षण पूरा, डीएम ने दिए निर्देश
- एक से 15 अप्रैल तक एन्यूमरेटर-सुपरवाइजर को प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** जनगणना 2027 के अंतर्गत सेंट पॉल इंटर कॉलेज में आयोजित तीन दिवसीय फील्ड ट्रेनर प्रशिक्षण कार्यक्रम का द्वितीय बैच बुधवार को संपन्न हो गया। डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में कुल 104 फील्ड ट्रेनरों को प्रशिक्षित किया गया, जिसमें प्रथम चरण में 80 व द्वितीय चरण में 24 फील्ड ट्रेनरों का प्रशिक्षण 25 मार्च को पूरा हुआ। डीएम ने फील्ड ट्रेनरों को निर्देश दिए कि किसी भी समस्या को संबंधित अधिकारियों से साझा करें, ताकि विशेषज्ञों की ओर से समय-समय पर समाधान दिया जा सके। कहा कि फील्ड ट्रेनर व प्रदेश की जनगणना निदेशालय की वेबसाइट पर उपलब्ध प्रशिक्षण सामग्री का अध्ययन करें और उसका सार समूह में साझा करें, जिससे सभी को लाभ मिले। फील्ड ट्रेनरों की ड्यूटी उनके कार्यस्थल के आसपास ही लगाई जाएगी और वह अपनी सुविधा अनुसार दो-दो के समूह बनाएं। डीएम ने बताया कि फील्ड ट्रेनर ही एन्यूमरेटर व सुपरवाइजर को प्रशिक्षण देंगे, जिसके बाद उनकी परीक्षा आयोजित कर कार्यकुशलता का मूल्यांकन किया जाएगा। कार्यक्रम में डीएम ने द्वितीय बैच के फील्ड ट्रेनरों को नियुक्ति पत्र वितरित कर शुभकामनाएं दीं। जनगणना अधिकारी अरविंद कुमार ने बताया कि एक से 15 अप्रैल तक फील्ड ट्रेनर एन्यूमरेटर और सुपरवाइजरों को प्रशिक्षण देंगे।

## शहीद प्रतिमा प्रकरण में हो मजिस्ट्रियल जांच

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** काकोरी कांड के शहीदों की प्रतिमाओं को खंडित किए जाने के मामले में पूर्व सेन्ट्रल बार एसोसिएशन महासचिव अनीत त्रिवेदी ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर मजिस्ट्रियल जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की ओर से पहले ही इस प्रकरण में संज्ञान लेते हुए निलंबन, जांच और एफआईआर के निर्देश दिए गए हैं, लेकिन जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत वास्तविक दोषियों के खिलाफ तत्काल सख्त कार्रवाई होना जरूरी है।

उन्होंने मांग की कि उस व्यक्ति के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज हो, जो निर्माण कार्य की रूपरेखा तैयार करने के लिए जिम्मेदार था और उस अधिकारी के खिलाफ भी कार्रवाई हो, जिसने प्रतिमाओं को प्रतिस्थापित करने की जिम्मेदारी निभाने में लापरवाही की। चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो जनभावनाओं को देखते हुए न्यायालय में मुकदमा दायर किया जाएगा।

# कांग्रेस ने घेरा निगम, धरना जारी, जमकर की नारेबाजी

- दूसरे दिन भी नगर आयुक्त से धरना स्थल पर ही वार्ता की मांग
- मूर्तियां सौंपने तक आंदोलन जारी रखने की चेतावनी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** रात के अंधेरे में बुलडोजर से अमर शहीदों की प्रतिमाएं ध्वस्त किए के विरोध में कांग्रेसियों ने लगातार दूसरे दिन बुधवार को भी जोरदार प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेसी सुबह कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन टाउन हॉल पर एकत्र हुए और वहां से झंडे लेकर नगर निगम पहुंचे। इस दौरान निगम प्रशासन मुर्दाबाद और मेयर इस्तीफा दो के नारे लगाते हुए निगम का घेराव कर धरना दिया गया। कार्यकर्ताओं ने निगम परिसर में शहीदों के बड़े कटआउट लगाए और प्रदर्शन के दौरान जोरदार नारेबाजी की। धरने के बीच नगर आयुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्रा ने जिला अध्यक्ष रजनीश गुप्ता को पांच वरिष्ठ नेताओं के साथ कार्यालय में वार्ता के लिए बुलाया, लेकिन उन्होंने इंकार करते हुए धरना स्थल पर ही सभी के सामने वार्ता की मांग की। इसके बाद नगर आयुक्त मौके पर पहुंचे। इस दौरान शहीद अशफाक उल्ला खां के प्रपौत्र अशफाक उल्ला खां ने कहा कि यदि प्रतिमाएं हटानी थीं तो सम्मानजनक तरीके से हटाई जानी चाहिए थीं और यदि उन्हें सौंप दी जातीं तो वह स्वयं उचित स्थान पर स्थापित करा देते। जिलाध्यक्ष ने कहा कि खंडित प्रतिमाएं उन्हें सौंपे जाने तक आंदोलन जारी रहेगा। अगली रणनीति तय करने के लिए धरना समाप्त किया गया। प्रदर्शन में पूर्व जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र दीक्षित, प्रदेश महासचिव कुमुद गंगवार, अनूप वर्मा, हरदोई जिलाध्यक्ष विक्रम पांडे, बदायूं के पूर्व जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह, बदायूं कॉर्डिनेटर सुनीता सिंह, सुरेश शुक्ला, युवा कांग्रेस अध्यक्ष रामजी अवस्थी, महिला कांग्रेस अध्यक्ष अर्चना कटारिया, अल्पसंख्यक कांग्रेस जिलाध्यक्ष सईद अंसारी, पार्षद तालिब खान, पूनम पांडेय, तनवीर सफदर, पवन सिंह, तसनीम अली खान, उन्नत मिश्रा सहित कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।


नगर निगम पर धरना देते और नारेबाजी करते कांग्रेस कार्यकर्ता। • अमृत विचार

# क्विज में छात्र-छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा


वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज में प्रमाण पत्र के साथ क्विज प्रतियोगिता के प्रतिभागी। • अमृत विचार

- वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज में जनस्वास्थ्य व राष्ट्रीय कार्यक्रमों में दिखा ज्ञान का स्तर

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** वरुण अर्जुन विवि बंथरा के अंतर्गत संचालित वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड हॉस्पिटल में बुधवार को को कम्युनिटी मेडिसिन विभाग की ओर से इंडियन एसोसिएशन ऑफ प्रिवेंटिव एंड सोशल मेडिसिन उत्तर प्रदेश-उत्तराखंड शाखा के तत्वावधान में आईएपीएसएम विश्व स्वास्थ्य दिवस क्विज कॉलेज राउंड फाइनल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन विभागाध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में हुआ, जबकि प्रोफेसर डॉ. पूर्वा सूर की भूमिका आयोजन की रूपरेखा और क्रियान्वयन में रही। कार्यक्रम में प्रोफेसर डॉ. इंतखाब आलम, प्रोफेसर डॉ. अजय अग्रवाल, क्वालिटी मैनेजर डॉ. शिवानी गुप्ता और असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. आदित्य प्रकाश सिंह की उपस्थिति रही। क्विज का उद्देश्य एमबीबीएस के विद्यार्थियों में जनस्वास्थ्य, राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों और वैश्विक स्वास्थ्य मुद्दों के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। प्रतियोगिता में छात्रों ने महामारी विज्ञान, संक्रामक और असंक्रामक रोगों, राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों और समसामयिक विषयों पर आधारित प्रश्नों के उत्तर देकर अपने ज्ञान और कौशल का प्रदर्शन किया। विभिन्न चरणों में आयोजित प्रतियोगिता के दौरान प्रतिस्पर्धा रोमांचक बनी रही और छात्रों ने टीम वर्क तथा त्वरित निर्णय क्षमता का परिचय दिया। अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। समापन सत्र में वक्ताओं ने छात्रों को जनस्वास्थ्य के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाने और समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए प्रेरित किया। आयोजन को सफल बताते हुए इसे चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया गया।

# संविदा कर्मियों की समस्याओं पर मुख्य अभियंता से वार्ता

- बरेली मंडल में विद्युत कर्मचारियों के मुद्दों पर उठाई आवाज
- आउटसोर्सिंग कर्मियों को निगम में शामिल करने की मांग

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** विद्युत संविदा मजदूर संगठन शाहजहांपुर उत्तर प्रदेश की ओर से प्रदेश अध्यक्ष नवल किशोर सक्सेना, प्रदेश महामंत्री सुनील गोस्वामी, मध्यांचल अध्यक्ष अशोक कुमार पाल, जोन प्रभारी राजेश कुमार, जिलाध्यक्ष सिंह मुनीश पाल और मीडिया प्रभारी अरविंद कुमार के नेतृत्व में मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड बरेली के मुख्य अभियंता द्वितीय बरेली से वार्ता कर बरेली मंडल में कार्यरत संविदा कर्मचारियों की प्रमुख समस्याओं को उठाया गया।

संगठन की ओर से मांग की गई कि सरकार की ओर से बनाए गए आउटसोर्सिंग सेवा निगम में कार्यरत संविदा कर्मचारियों को निगम में शामिल किया जाए, जिसके लिए मुख्य अभियंता की ओर से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा गया। साथ ही मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड लखनऊ के आदेशानुसार बरेली मंडल के सभी उपकेंद्रों पर संविदा के रिक्त पदों पर पूर्व में हटाए गए कुशल कर्मचारियों को दोबारा कार्य पर लिया जाए। संगठन ने शाहजहांपुर मंडल में कार्यरत संविदा कर्मियों को ग्लोबल कंपनी की ओर से पहचान पत्र व ईएसआई कार्ड शीघ्र उपलब्ध कराने की मांग भी उठाई।

साथ ही ओरियन कंपनी की ओर से 14 माह का बकाया ईपीएफ मध्यांचल के सीपीसी विभाग से जमा कराने व कर्मचारियों की रिजाइन एग्जिट डेट जल्द दर्ज कराने की बात कही गई। इसके अलावा फेशियल अटेंडेंस एप के कारण उपस्थिति दर्ज न होने पर कटे वेतन को कर्मचारियों को दिलाने की मांग भी प्रमुख रूप से रखी गई।

## 10 से कम आयुष्मान कार्ड पर कटेगा मानदेय: डीएम

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** कलेक्ट्रेट स्थित बिस्मिल सभागार में बुधवार को डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. विवेक कुमार मिश्रा ने विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों और प्रगति की जानकारी दी। डीएम ने निर्देश दिए कि प्रत्येक सीएचओ प्रतिदिन 10 आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाएं, अन्यथा उस दिन का मानदेय काटा जाएगा। साथ ही एमओआईसी के अधीन यदि कोई सीएचओ 10 से कम कार्ड बनाता है तो संबंधित एमओआईसी का भी वेतन काटा जाएगा। उन्होंने टीकाकरण, कुपोषण जांच, जननी सुरक्षा योजना, आभा आईडी और आयुष्मान कार्ड में प्रगति लाने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अपराजिता सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# 11 युवा बने सड़क सुरक्षा मित्र, यातायात नियम जाने

- फरीदाबाद में तीन दिवसीय प्रशिक्षण लेकर लौटे स्वयंसेवक
- आईआईटी मद्रास व मंत्रालय के संयुक्त कार्यक्रम में प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** माय भारत शाहजहांपुर के 11 स्वयंसेवकों ने 16 से 18 मार्च तक फरीदाबाद हरियाणा में आयोजित तीन दिवसीय सड़क सुरक्षा मित्र प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभाग कर सड़क सुरक्षा मित्र के रूप में प्रशिक्षण प्राप्त किया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय व माय भारत के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न विषयों जैसे भूमिका एवं जिम्मेदारियां, जन जागरुकता, प्राथमिक उपचार, दुर्घटना की स्थिति में त्वरित सहायता, यातायात नियमों का पालन, राजमार्ग एंबुलेंस, राजमार्ग गश्ती, संजया एवं ई-डार एप का उपयोग, दुर्घटना संभावित स्थल और रात्रि सड़क परीक्षण की जानकारी दी गई। इस प्रशिक्षण में स्वयंसेवक शैलेन्द्र सिंह, दिव्यांशी, शगुन सक्सेना, रुद्र प्रताप, मो अमन, नीतीश, अनिकेत, सूरज, विनय प्रताप, अमित श्रीवास्तव और आकांक्षा ने तकनीकी सड़क परीक्षण का प्रशिक्षण लिया। प्रशिक्षण में मद्रास के कर्नल संजीव शर्मा, ऋतुराज पटेल, पंकज मेहरा व रंजीत चौधरी सहित अन्य विशेषज्ञों ने प्रशिक्षण दिया, जबकि फरीदाबाद यातायात प्रभारी व हेलमेट मैन ऑफ इंडिया की ओर से विशेष सत्र आयोजित किए गए। समापन अवसर पर सचिव वी. उमाशंकर की ओर से प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिए गए। इस दौरान अपर सचिव महमूद अहमद और निदेशक आर.पी. शुक्ला भी मौजूद रहे। जिला युवा अधिकारी माय भारत शाहजहांपुर मयंक भदौरिया ने कहा कि यह जिले के लिए गर्व की बात है।

## अष्टम महागौरी



मां दुर्गा की आठवीं शक्ति का नाम महागौरी है। दुर्गापूजा के आठवें दिन महागौरी की उपासना का विधान है। इनकी शक्ति अमोघ और सद्यः फलदायिनी है। इनकी उपासना से भक्तों के सभी कल्मष धुल जाते हैं। पूर्वसंचित पाप भी विनष्ट हो जाते हैं। भविष्य में पाप, संताप, दैन्य-दु:ख उसके पास कभी नहीं जाते। वह सभी प्रकार से पवित्र और अक्षय पुण्यों का अधिकारी हो जाता है। देवी महागौरी की पूजा से राहु का बुरा प्रभाव खत्म होता है।

बीज मंत्र...

**माँ महागौरी: श्री क्लीं ह्रीं वरदायै नम:**

# उन्नाव में मिला बाइक मिस्त्री का शव, साथी पर हत्या का आरोप

## दो दिन पहले साथी के साथ काम की तलाश में गया था पुवायां निवासी अजयपाल

संवाददाता, पुवायां/शाहजहांपुर

- परिजन बोले, साथी ने शराब में जहर देकर मार डाला

**अमृत विचार :** बाइक मिस्त्री का शव संदिग्ध परिस्थितियों में उन्नाव जिले में पुल के नीचे मिला है। वह दो दिन पहले एक युवक के साथ काम की तलाश में निकला था। परिजन उसका शव लेकर आए और पुवायां थाने में सूचना दी। परिजनों ने साथ गए युवक पर शराब में जहर देकर हत्या का आरोप लगाया है। आरोप है कि उसका साथी को मोबाइल स्विच ऑफ है और घर से लापता है।

पुवायां थाना क्षेत्र के मोहल्ला तकिया निवासी अजयपाल(35) बाइक मिस्त्री थे। पुवायां में उन्होंने एक खोखा रखा था। सोमवार की दोपहर 11 बजे अजयपाल किसी व्यक्ति के साथ काम की तलाश में निकले थे। मंगलवार की दोपहर वह उन्नाव में एक पुल के नीचे बेहोशी की हालत में पड़े थे। किसी ने उन्नाव से उसके भाई दुर्गेश के पास फोन किया कि अजयपाल उन्नाव में एक पुल के नीचे पड़ा है।



मृतक अजय पाल।

वह परिवार के साथ तुरंत उन्नाव पहुंचे तो अजयपाल वहीं मिला। उसे लेकर उन्नाव से पुवायां ले आए और सीएचसी ले गए। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। उन्होंने थाना पुवायां थाने पर सूचना दी। उनका आरोप है कि पुवायां कस्बे का एक युवक भाई को नौकरी की तलाश में ले गया था। शराब पीते थे, लेकिन शराब पीने से मौत हो जाए ऐसा संभव नहीं है। आरोप है कि उसके साथी ने शराब में उसके भाई को जहर दिया है। जो युवक साथ ले गया था वह घर पर नहीं है और उसका मोबाइल स्विच ऑफ है। मौत का कारण जानने के लिए शव का पोस्टमार्टम कराने की मांग की। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामला उन्नाव जिले का है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट होगा। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### घर पहुंचते ही बिगड़ी तबीयत, किसान की मौत

सिंधौली/शाहजहांपुर, अमृत विचार : इदरखू जमनिया में एक युवक की अचानक तबीयत खराब हो गयी। परिवार वाले उसे अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। वह शराब का आदी था और घटना वाले दिन शराब पीकर घर आया था। सिंधौली थाना क्षेत्र के गांव इदरखू जिगनिया निवासी संजीत(33) की मंगलवार की दोपहर कहीं गया था। शाम को घर आते ही उल्टी होने लगी और वह बेहोश हो गया। परिवार वाले उसे एक निजी अस्पताल में ले गए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। वह शराब का आदी था। संजीत के पिता गोपाल सिंह का कई साल पहले मौत हो गयी थी। वह खेतीबाड़ी कर परिवार का पालन पोषण करने लगा था। उसके पास करीब 20 एकड़ भूमि थी। उसकी शादी पड़ोस में स्थित बिलंदपुर गांव में विनीता से हुई थी। दो बेटे सम्राट और निहाल है। मौत की खबर से उसकी पत्नी, बच्चों तथा मां मनोरमा देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने परिजनों से जानकारी ली। परिवार वालों ने मौत का कारण जानने के लिए पोस्टमार्टम कराने की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक रविंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस जांच कर रही है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## टेंपो पलटने से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**जलालाबाद, अमृत विचार:** जलालाबाद-बरेली हाईवे पर खाई खेड़ा के पास अनियंत्रित होकर टेंपो पलटने से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। टेंपो कटरा से जलालाबाद की ओर सवारियां लेकर जा रहा था, तभी खाई खेड़ा के निकट वह अनियंत्रित होकर पलट गया। दुर्घटना में फहीम, सन्ना खां, ढूकरी खुर्द निवासी अमित कुमार और दो बच्चे रहनुमा व जेवा सहित छह लोग घायल हो गए थे। इनमें ढूकरी कला निवासी अमित कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद राजकीय मेडिकल कॉलेज शाहजहांपुर में भर्ती कराया गया था।

हालत चिंताजनक होने पर उन्हें बरेली रेफर किया गया, जहां मंगलवार रात अमित कुमार(25) की मौत हो गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# युवती ने रेलवे ट्रैक पर बनाई रील्स, वीडियो वायरल

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- जीआरपी ने लिया संज्ञान, करा रही जांच

**अमृत विचार :** रेलवे ट्रैक पर रील्स बनाने का लोगों में शौक बढ़ता जा रहा है। एक युवती का रेलवे ट्रैक पर रील्स बनाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। जीआरपी ने सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो को संज्ञान में लिया है और जांच कर रही है।

बुधवार सुबह सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में एक युवती रेलवे ट्रैक के बीच में चलती हुई दिखायी दे रही है। बाद में इस वीडियो पर गाना लगाकर सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर साझा किया गया। युवती रेल पटरी के बीच कभी गाना गाते हुए आगे चलती है और फिर अचानक एक दम पीछे मुड़ जाती है।

दोनों हाथ फैलाते हुए पटरी पर चल रही है। पटरी से बार-बार गिर जाने पर फिर पटरी पर चढ़ जाती है। युवती हरे रंग का शूट पहने हुए है। हालांकि वीडियो में दिख रही युवती कौन है व वीडियो कब बनाया गया, अभी इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है। चिंताजनक यह है कि लोगों को अपनी जान की फिक्र नहीं है।

### पहले भी वायरल हए वीडियो

ट्रैक पर अभी तीन दिन पूर्व जींस पैंट और लाल रंग की टी शर्ट पहने युवती का वीडियो वायरल हआ था। जीआरपी ने उसके परिवार वालों को थाने बुलाकर हिदायत देकर छोड़ दिया था। कुछ दिन पूर्व मोक्षधाम रेलवे फाटक पर एक युवक स्केटिंग पहनकर रेलवे ट्रैक पर काफी तेजी से जंप लगा था, जिसका वीडियो वायरल हुआ था। जीआरपी ने परिवार वालों को बुलाकर समझाकर उसे छोड़ दिया था।

"वीडियो संज्ञान में आया है। युवती की पहचान का प्रयास किया जा रहा है। - **रामकरन यादव**, थाना प्रभारी, जीआरपी

## सिटी ब्रीफ

### सट्टेबाजी करते दबोचा 640 रुपये बरामद

**कलान, अमृत विचार :** परौर मार्ग पर अरिल नदी के पास पाकड़ के पेड़ के नीचे निर्माणाधीन दुकानों के पास सट्टेबाजी कर रहे युवक को पुलिस ने दबोच लिया। थाना प्रभारी शिवदीन वर्मा को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक युवक सट्टा का कारोबार कर रहा है। इस पर उपनिरीक्षक यशपाल सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। वहां मौजूद लोग अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गए। पुलिस ने युवक को पकड़कर तलाशी ली तो उसकी जेब से चार पर्ची, 640 रुपये, पेन और डायरी बरामद हुई। पूछताछ में नाम जीशान खान निवासी मोहल्ला उल्फत नगर नगर पंचायत कलान बताया। पुलिस ने उसे नियमों के अनुसार थाने से जमानत पर छोड़ दिया और बरामद माल को सुरक्षित रख लिया।

### खाते से 39 हजार रुपये उड़ाए

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** निगोही थाना क्षेत्र के गांव महुराइन निवासी हरिपाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका बड़ौदा उप्र की चेना रुरिया शाखा में खाता चल रहा है। 23 मार्च को उसके खाते से 39 हजार रुपये निकल गए। उनके मोबाइल पर मैसेज आया तो उन्हें जानकारी हुई। उन्होंने कार्रवाई की मांग की है।

### किशोरी अगवा, रिपोर्ट

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** खुदागंज क्षेत्र के एक गांव की महिला ने थाने पर दी तहरीर में बताया कि 15 मार्च की सुबह 9 बजे उसकी 16 वर्षीया पुत्री घर से किसी काम से निकली थी, जो शाम तक वापस नहीं आई। उसो तलाश किया और नहीं मिली। दो दिन बाद पता चला कि कस्बा खुदागंज का लखन उसे अगवा कर ले गया है। आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस तलाश कर रही है।

# जन सेवा केंद्र का ताला तोड़ हजारों की चोरी

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार:** खुटार-मैलानी रोड पर बाबा चौराहा के पास मंगलवार रात चोर जन सेवा केंद्र का ताला तोड़कर कीमती सामान चोरी कर ले गए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की। दुकान स्वामी ने अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है। क्षेत्र के गांव महुआ पिमई निवासी शोभित कुमार ने पुलिस को बताया कि उसका जनसेवा केंद्र गांव नरौठा के बाबा चौराहा पर है। मंगलवार रात वह दुकान बंद कर घर चला गया था। रात किसी समय अज्ञात चोरों ने दुकान में लगे शटर का ताला तोड़कर इनवर्टर, बैट्रा, सौर ऊर्जा के दो पैनल, प्रिंटर और दो हजार रुपये की नगदी चोरी कर ले गए। तकरीबन पचास हजार रुपये का सामान चोरी हो गया है। बुधवार को शोभित कुमार दुकान पर पहुंचे तो जानकारी हुई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच की। पीड़ित ने बताया कि इससे पूर्व भी अन्य दुकानों में चोरी की वारदातें हो चुकी है। पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कराने के साथ ही खुलासे की गुहार लगाई है।

### बीमा पॉलिसी के नाम पर ठगी, 1.34 लाख हड़पे

**तिलहर, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला मौजमपुर निवासी प्रमोद कुमार यादव पुत्र खुमानी सिंह यादव से बीमा पॉलिसी का हवाला देकर अज्ञात व्यक्ति ने ऑनलाइन ठगी कर एक लाख 34 हजार रुपए हड़प लिए। पीड़ित ने कोतवाली में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि उन्होंने मैक्स लाइफ इंश्योरेंस कंपनी में बीमा कराया था। आरोप है कि 21 फरवरी को अज्ञात व्यक्ति ने चार अलग-अलग मोबाइल नंबरों से फोन कर बीमस से जुड़ी जानकारी दी और यूपीआई आईडी के माध्यम से भारतीय स्टेट बैंक तिलहर पेटीएम के जरिए 36 हजार रुपए डलवा लिए। इसके बाद 27 फरवरी को उसी व्यक्ति ने फिर फोन कर 98 हजार रुपए अपनी यूपीआई आईडी पर डलवा लिए। पीड़ित का आरोप है कि आरोपी लगातार फोन कर और पैसे डलवाने के लिए दबाव बना रहा है। मामले में कोतवाली पुलिस ने धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### लाइफ इंश्योरेंस के नाम से एक लाख 34 हजार ठगे

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** थाना तिलहर के मोहल्ला मौजमपुर निवासी प्रमोद कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसने अपना बीमा मैक्स लाइफ इंश्योरेंस कंपनी में करवाया था। 21 फरवरी को एक अज्ञात व्यक्ति ने उसके मोबाइल पर फोन किया। उसे उसके बीमा की सभी जानकारी देकर झांसे में लिया और यूपीआई आईडी पर दो बार में एक लाख 34 हजार रुपये भारतीय स्टेट बैंक तिलहर की खाता से पेटीएम के माध्यम से डलवा लिए। आरोप है कि अब आरोपी फोन कर पैसे डलवाने के लिए परेशान कर रहा है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### घर के बाहर से बाइक चोरी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जलालाबाद थाना क्षेत्र के मोहल्ला युसुफजई निवासी नजम अली ने थाने में दी गई तहरीर में बताया कि सोमवार की दोपहर साढ़े 12 बजे उसने रिश्तेदार के दरवाजे पर बाइक खड़ी की। लौटकर आए तो बाइक गायब मिली। पुलिस ने बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## अवैध रूप से नोटिस भेजने पर रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** रोजा पावर प्लांट के लिए कार्य कर रही शिवगंगा कंस्ट्रक्शन कंपनी के पूर्व कर्मचारियों को अवैध रूप से नोटिस भेजे जाने का मामला सामने आया है। मामले में प्लांट के मुख्य सुरक्षा अधिकारी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है।

रोजा पावर प्लांट के मुख्य सुरक्षा अधिकारी मुनव्वर लतीफ ने आरसी मिशन थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि प्लांट के एचआर अधिकारी की ओर से अवगत कराया गया कि प्लांट के लिए कार्य कर रही संविदा कंपनी शिवगंगा कंस्ट्रक्शन के पूर्व कर्मचारियों को रिकवरी के लिए नोटिस भेजे गए हैं। जिसके चलते कंपनी में कार्यरत कर्मचारी भयभीत हो उठे और कार्य करने से इंकार कर दिया। जांच में पता चला कि उक्त नोटिस शिवगंगा कंस्ट्रक्शन कंपनी में कार्यरत पूर्व कर्मचारी संजीव कुमार सिंह ने ही खुद को रोजा पावर प्लांट का कर्मचारी बताकर जारी कर दिए। जिससे प्लांट की छवि धूमिल हुई और आर्थिक नुकसान झेलना पड़ा। इंस्पेक्टर क्राइम अमित कुमार ने बताया कि संजीव के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# पेंशन अधिनियम वापस लेने की मांग, काली पट्टी बांधकर विरोध



खिरनीबाग मैदान में काली पट्टी बांधकर विरोध जताते पेंशनर्स। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददता, शाहजहांपुर

- संयुक्त पेंशनर्स कल्याण समिति की बैठक

**अमृत विचार :** संयुक्त पेंशनर्स कल्याण समिति उत्तर प्रदेश के जिला संयोजक अतुल कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में बुधवार को रामलीला मैदान खिरनीबाग में बैठक आयोजित कर केंद्रीय सिविल सेवा पेंशन वैधता अधिनियम 2025 के विरोध में काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन किया गया।

बैठक का संचालन सेवानिवृत्त प्राथमिक शिक्षक कल्याण परिषद के अध्यक्ष शिव शंकर शुक्ला ने किया। वक्ताओं में अतुल कुमार गुप्ता, शिव शंकर शुक्ला, सत्य प्रकाश सिंह, ब्रजपाल सिंह, राम बहादुर सांख्यधर, बेचे लाल मिश्रा, कप्तान पाल सिंह, हरिश्चंद्र वर्मा, सुशील कुमार, अनिल दीक्षित, भूप सिंह, ओंकार नाथ शुक्ल, सरोज कुमार श्रीवास्तव, भूपेन्द्र निगम, राजेश्वर दयाल तिवारी, दिनेश चन्द्र, विश्वनाथ, परमिंदर कौर और केशर नाज शामिल रहे। प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी और नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा गया।

# स्वच्छ, हरित व बेहतर गांव बनाने पर जोर

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** जिले की मॉडल ग्राम पंचायत भटपुरा रसूलपुर में बुधवार को आयोजित पंचायत बैठक में विकास, पारदर्शिता और जनभागीदारी पर चर्चा की गई। ग्राम प्रधान अनिल कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में हुई बैठक में दर्जनों ग्रामीणों ने गांव के विकास की रूपरेखा तय की।

बैठक में ग्राम प्रधान अनिल गुप्ता ने बताया कि ग्राम पंचायत में वर्ष में होने वाली चार बैठकों में विकास कार्यों और समस्याओं पर गंभीर चर्चा की जाती है। वर्तमान कार्यकाल के अंतिम चरण में आयोजित बैठक में पांच वर्षों में पूरे किए गए 100 विकास कार्यों का विस्तृत ब्यौरा पढ़कर सुनाया गया। आगामी कार्यों को लेकर एक विशेष बुकलेट तैयार की गई, जिस पर ग्रामीणों ने सुझाव दिए और आगे तेज विकास की अपेक्षा जताई।



बैठक में विकास कार्यों की जानकारी देते ग्राम प्रधान अनिल कुमार गुप्ता। ● अमृत विचार

- ग्रामीणों ने तय की गांव के विकास की रूपरेखा

श्रीकांत दीक्षित और यशपाल सिंह ने कहा कि विकास कार्य जारी रहे तो अगले चरण में 100 और कार्य पूरे कर गांव को देश की नंबर-1 ग्राम पंचायत बनाया जा सकता है। लड्डन अली्र आरिफ अली, सलीम खां और तुफैल ने बताया कि ईद पर आए मेहमानों ने गांव की स्वच्छता और व्यवस्थाओं की तुलना शहर से बेहतर बताया, जिससे गांव में गौरव का माहौल है। बैठक में गांव को स्वच्छ, हरित, बाल हितैषी और महिला हितैषी बनाने पर जोर दिया गया। इस दौरान पूर्व कोटेदार कयूम खां समेत कई गणमान्य व ग्रामीण मौजूद रहे।

## फूल भेंट कर मदरसे के छात्र-छात्राओं का अभिनंदन

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** वार्षिक अवकाश के पश्चात मदरसा नुरुल हुदा बिजलीपुरा के पुनः खुलने पर बुधबार को मदरसा परिसर में उत्साहपूर्ण माहौल रहा। रमजान माह के अवकाश के बाद जब छात्र-छात्राएं मदरसे पहुंचे तो शिक्षकों ने बच्चों को फूल भेंट कर उनका अभिनंदन किया, जिससे बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे।

मदरसे के प्रधानाचार्य इक़बाल हुसैन उर्फ फूलमियां के निर्देशन में आयोजित स्वागत कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में पढ़ाई के प्रति उत्साह और लगाव को बढ़ाना था। वहीं छात्र-छात्राओं ने बताया कि रमजान के इबादत के दौरान भी उन्होंने अपनी पढ़ाई से ध्यान नहीं हटाया। कुरान शरीफ पढ़ने के साथ ही विषय से संबंधित पढ़ाई पर भी ध्यान केंद्रित किया।

# नवारंभ उत्सव: नामांकन फार्म भर बच्चों को दिलाया प्रवेश

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** विकासखंड भावलखेड़ा के प्राथमिक विद्यालय नई बस्ती में नवारंभ उत्सव उत्साह व धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। बुधवार को उत्सव के दौरान बाल वाटिका में नामांकित 6 वर्ष के बच्चों के अभिभावकों ने बच्चों का कक्षा एक में नामांकन फार्म भरकर विद्यालय में प्रवेश दिलाया।

मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी भावलखेड़ा विनय मिश्रा ने कहा कि परिषदीय विद्यालयों में सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा निःशुल्क व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जाती है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं के चलते अब परिषदीय विद्यालय कॉन्वेंट विद्यालयों से भी बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने परीक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों व सर्वाधिक उपस्थिति वाले बच्चों को पुरस्कृत किया।



नवारंभ उत्सव मनाते मुख्य अतिथि बीईओ विनय मिश्रा, प्रधान शंभू दयाल व अन्य।

- प्राथमिक विद्यालय में बच्चों ने प्रस्तुत किए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम

विशिष्ट अतिथि ग्राम प्रधान शंभू दयाल ने नव नामांकित बच्चों व अभिभावकों को सम्मानित करते हुए विद्यालय में अधिकाधिक नामांकन कराने का आह्वान किया। अध्यक्षता करते हुए विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सुधीर कुमार ने शत-प्रतिशत नामांकन पर बल दिया। आयोजक एवं प्रधानाध्यापक राजकुमार तिवारी ने कहा कि विद्यालय को आदर्श विद्यालय के रूप में विकसित करना उनका लक्ष्य है। इस अवसर पर शिक्षक शिव कुमार, दिनेश आनंद, प्रेक्षा अवस्थी, कल्पना सिंह, गौरी मिश्रा, रामचंद्र, राजीव, विशोक, मोहनी एवं किरण आदि उपस्थित रहे।

### बैठक में शिक्षा पर जोर

**पुवायां, अमृत विचार :** प्राथमिक विद्यालय बुझिया में बुधवार को नवारंभ उत्सव मनाकर 3 वर्ष के बच्चों का बालवाटिका-1 और 6 वर्ष के बच्चों का कक्षा-1 में प्रवेश कराया गया। खंड शिक्षा अधिकारी कृष्ण कुमार ने बच्चों को उपहार दिए। एसआरजी ममता शुक्ला ने पूर्व प्राथमिक शिक्षा की जानकारी दी। ग्राम प्रधान शिवमहान सिंह व प्रधानाध्यापिका रोली गुप्ता ने भी संबोधित किया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। 24 मार्च को शैक्षिक नवाचार एसोसिएशन की बैठक प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष शरद चौहान और जिलाध्यक्ष पारूल मौर्य के नेतृत्व में हुई। बैठक में विश्वेश्वर दयाल, श्याम कुमार त्रिवेदी, नीतू पवन, साक्षी गुप्ता, पूजा गंगवार, विनीता चौरसिया, भुवनेश गुप्ता, अनूप बरनवाल, अवनीश पाल, लालसिंह कुशवाहा, मृदुल श्रीवास्तव, आशीष कुमार मौजूद रहे।

## तमंचे पर डिस्को का वीडियो वायरल, जांच की उठी मांग

**निगोही, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के एक गांव में तमंचे के साथ डांस करने का वीडियो वायरल होने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि कुछ युवक हथियार के साथ डांस करते नजर आ रहे हैं, जिसका वीडियो वायरत हो रहा है। हालांकि इस मामले में अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। स्थानीय स्तर पर इसे गंभीर मामला माना जा रहा है और पुलिस से जांच कर कार्रवाई की मांग उठ रही है। इससे पहले भी इस तरह के मामलों में युवकों ने हथियारों के साथ वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाले थे, जिन पर पुलिस की ओर से कार्रवाई की जा चुकी है।

# शिक्षक संघ: निर्विरोध चुने गए पदाधिकारी



शपथ ग्रहण करते नवनियुक्त शिक्षक संघ के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, निगोही

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ शाहजहांपुर की ब्लॉक इकाई का निर्वाचन बुधवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र निगोही में पर्यवेक्षक सुभाषचंद्र मिश्रा और चित्रेश यादव की देखरेख में संपन्न हुआ। सभी पदों पर एक-एक नामांकन होने से ब्लॉक अध्यक्ष घनेंद्रपाल सिंह यादव, मंत्री अनिल कुमार, कोषाध्यक्ष सुनील कुमार वर्मा, उपाध्यक्ष संजय कुमार सक्सेना, विनोद कुमार, हिमांचल शर्मा, रविंद्र पाल सिंह, महिला उपाध्यक्ष ममता देवी, संयुक्त मंत्री त्रिभुवन नाथ, सर्वेंद्र कुमार, कुशवाहाकांत, मीडिया प्रभारी संतोष कुमार निर्विरोध चुने गए। जिला अध्यक्ष मगरे लाल ने शिक्षकों की समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया और 4 अप्रैल को दिल्ली में होने वाले प्रदर्शन में शामिल होने की अपील की।

## एएसपी ने वन स्टाप सेंटर का किया निरीक्षण

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** एएसपी ग्रामीण भंवरे दीक्षा ने बुधवार को वन स्टाप सेंटर का निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र पर उपलब्ध व्यवस्थाओं का अवलोकन कर आश्रयदाता महिलाओं से बात कर उनकी समस्याएं सुनी। इस दौरान उनकी वर्तमान स्थिति, आवश्यकताओं एवं सुरक्षा संबंधी पहलुओं की जानकारी करते हुए उन्हें हर संभव सहायता एवं संरक्षण प्रदान किए जाने का भरोसा दिलाया गया। इस दौरान मिशन शक्ति अभियान से संबंधित पंपलेट वितरण किए गए। उन्होंने केंद्र पर सफाई व्यवस्था के निर्देश दिए गए। सीओ कार्यालय का स्टाफ भी मौजूद रहा।

# खुलासा: सिर में चोटों के कारण गई अनिल की जान

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- गांव की एक महिला व उसके बच्चों के साथ रहता था अनिल

**अमृत विचार :** खुदागंज पुलिस ने अनिल सिंह के शव का पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उसकी सिर में चोटों के कारण मौत की पुष्टि हुई। शरीर में खरोंच के निशान भी मिले। परिवार वालों की तरफ से अभी कोई तहरीर नहीं आयी है।

खुदागंज क्षेत्र के गांव बखौरा निवासी अनिल सिंह(35) की पत्नी सास के पास रहती थी। उसके कोई संतान नहीं थी। अनिल सिंह गांव निवासी एक महिला और दो बच्चों के साथ पति के रूप में रहता था। वह कभी-कभी मां के पास भी रुक जाता था। अनिल की मां महिला के घर गई तो उसने बेटे को चारपाई पर मृत अवस्था में पाया। उसके नाक से खून निकल रहा था। महिला बच्चों के साथ लापता थी। शरीर में जगह-जगह खरोंच व सिर में चोट के निशान थे। अनिल शराब का भी आदी था। उसका महिला से आए दिन विवाद होता था। परिवार वालों ने हत्या का आरोप लगाया था। खुदागंज पुलिस ने अनिल सिंह के शव का पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम में सिर में चोटों के कारण मौत हुई है। थाना प्रभारी सत्य प्रकाश ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## सैयद दादा मियां का तीन दिवसीय सालाना उर्स आज से

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** हजरत सैयद दादा मियां रहमतुल्लाह अलैह का तीन दिवसीय सालाना उर्स 26 मार्च से मऊ खालसा स्थित मजार पर मनाया जाएगा।

यह जानकारी उर्स कमेटी अध्यक्ष नसीर मियां ने दी है। उन्होंने बताया कि 26 मार्च को रात नौ बजे मीलाद शरीफ होगी। 27 मार्च को रात नौ बजे से महफिल-ए-समा में दिल्ली के कव्वाल सहीम नियाजी कव्वालियां पेश करेंगे। उन्होंने बताया कि 29 मार्च को सुबह दस बजे कुल शरीफ के बाद लंगर वितरण किया जाएगा।

न्यूज ब्रीफ

### 31 मार्च को भी खुलेगा कोषागार और बैंक

**बदायूं, अमृत विचार :** जिलाधिकारी अवनीश राय ने बताया कि अपर मुख्य सचिव वित्त (लेखा) के आदेशों के क्रम में शासकीय कार्य करने वाली समस्त बैंक शाखाएं व कोषागार 31 मार्च को खुले रहेंगे। इस संबंध में भारतीय स्टेट बैंक की मुख्य शाखा के साथ बिसौली, दातागंज, सहसवान, उझानी एवं बिल्सी के शाखा प्रबंधक निर्देशित किया है।

### संविलियन स्कूल में लगी विज्ञान प्रदर्शनी

**बिसौली, अमृत विचार :** ब्लॉक क्षेत्र के संविलियन विद्यालय बुधवार को स्कूली छात्रों द्वारा प्रोजेक्ट वेस्ट लर्निंग के तत्वावधान में एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें छात्र-छात्रों ने विज्ञान के अनोखे प्रयोग देखे। प्रदर्शनी में सभी मॉडल वेस्ट बेकार वस्तुओं से तैयार किये गए थे जिससे बच्चों को विज्ञान के साथ प्रबंधन की भी जानकारी हो रही थी। फाउंटन से लेकर सौरमण्डल तक के अनेकों मॉडल बनाकर परिषदीय विद्यालय के बच्चों ने अपनी उत्कृष्ट क्षमता से सभी को प्रभावित किया। प्रदर्शनी में मधुकर उपाध्याय, अनुज शर्मा, साहू सवेंद्र, शोभित यादव, प्रतिभा अग्रवाल, अर्चना वार्ष्णेय आदि लोग मौजूद रहे।

### आंगनबाड़ी केंद्र में नवारंभ उत्सव का आयोजन

**बिल्सी, अमृत विचार :** अंबियापुर ब्लॉक क्षेत्र के वन बेहटा प्राथमिक विद्यालय में स्थित को लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्र में नवारंभ उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक हरपाल सिंह द्वारा नई शिक्षा नीति के अनुसार आंगनबाड़ी केंद्रों को सक्रिय रूप से संचालित करने संबंधी जानकारी दी गई। साथ ही अभिभावकों को प्रेरित किया गया कि वह अपने बच्चों को नियमित विद्यालय भेजें। उनका सर्वांगीण विकास हो सके। इस मौके पर अजयपाल सिंह, रंजना, रोशनी देवी, आशा देवी आदि उपस्थित रहे।

### महान चक्रवर्ती सम्राट अशोक की मनाई जयंती

**दातागंज, अमृत विचार :** विकासखंड समरेर के ग्राम फिरोजपुर बझा में अखंड भारत के निर्माता, महान चक्रवर्ती सम्राट अशोक की जयंती मनाई गई। मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी ब्रज क्षेत्र के अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य व क्षेत्रीय विधायक राजीव सिंह रहे। कार्यक्रम का फीता काटकर शुभारंभ किया गया।

# बुकिंग के बाद घर नहीं पहुंच रहा सिलेंडर, आ रहा डिलीवरी मैसेज

## सिलेंडर बुकिंग करने के बाद नहीं हो रही डिलीवरी, उपभोक्ता परेशान

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** रसोई गैस सिलेंडर की किल्लत जिले में बरकरार है। लोगों को सिलेंडर लेने और केवाईसी के लिए रोजाना लाइन में लगना पड़ रहा है लेकिन उनके हाथ निराशा ही लग रही है। लोगों की इस परेशानी के बीच एजेंसियों के खेल भी सामने आ रहे हैं। बुकिंग करते ही डिलीवरी दिखाने के सप्ताह भर बाद भी उपभोक्ता को सिलेंडर नहीं मिला। उन्हें दोबारा से बुकिंग कराने में भी दिक्कत आ रही है। डिलीवरी का मैसेज आने के बाद सिलेंडर न मिलने पर उपभोक्ता एजेंसियों पर पहुंच रहे हैं लेकिन संचालक उनके जवाब का कोई उत्तर नहीं दे पा रहे हैं।

बुधवार को शहर के इंदिरा चौक और गांधी ग्राउंड स्थित भारत गैस एजेंसियों के ऑफिस के बाहर लोगों की लंबी लाइन दिखाई दी। गांधी ग्राउंड स्थित बदायूं गैस ऑफिस के बाद लाइन में आवास विकास कॉलोनी रामब्रजेश ने बताया कि सुबह ही सिलेंडर के लिए आ गए थे लेकिन अब तक पर्ची नहीं मिल सकी है। आदर्श नगर निवासी शिल्पी ने बताया कि बदायूं गैस एजेंसी पर उनके नाम से कनेक्शन है। उनके जरिये 14 मार्च को गैस सिलेंडर के लिए बुकिंग की थी। उसके अगले दिन ही डिलीवरी का मैसेज आ गया, लेकिन आज तक गैस नहीं मिल सकी। अब दूसरी किताब पर बुकिंग कराकर सिलेंडर लेने आए हैं। नई सराय निवासी फातिमा ने बताया कि पांच दिन पहले गैस की बुकिंग करा दी है। गैस देने की बात पर्ची में लिखी है। दोपहर करीब एक बजे रहे हैं, लेकिन अभी तक पर्ची नहीं मिल सकी है। घर में भोजन बनाने में संकट है। सुबह के समय बच्चों का टिफिन तक नहीं बन पा रहा है। वहीं जवाहरपुरी निवासी आनंद प्रकाश ने बताया कि वह कई दिनों से गैस सिलेंडर के लिए भाग रहे हैं। घंटो लाइन में लगने के बाद भी उन्हें सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है। हर बार कोई न कोई बहाना बनाकर टाल दिया जा रहा है। यह स्थिति भारत गैस एजेंसी के उपभोक्ताओं के सामने नहीं हैं, बल्कि इंडेन, हिन्दुस्तान पेट्रोलियम गैस उपभोक्ताओं के सामने हैं। गैस की बुकिंग कराने के बाद डिलीवरी का मैसेज तो आ रहा है, लेकिन सिलेंडर घर नहीं पहुंच रहा है। इसके कारण लोगों को एजेंसी के सामने लाइन में लगना पड़ रहा है।



गैस एजेंसी के बाहर लगी उपभोक्ताओं की लाइन ● अमृत विचार

- गैस सिलेंडर लेने के लिए एजेंसियों पर लग रही है लंबी लाइन

सभी एजेंसियों पर होम डिलीवरी की सुविधा शुरू करा दी गई है। आदेश भी दिए गए हैं कि समय पर सिलेंडर की आपूर्ति करें। अगर बुकिंग के बाद डिलीवरी मैसेज आ रहा है और सिलेंडर नहीं पहुंच रहा है तो संबंधित एजेंसी की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।
**सतीश चंद्र मिश्रा, जिला पूर्ति अधिकारी**

### कासगंज से दिल्ली जाएगी ट्रेन, जारी हुई समय सारणी

**बदायूं, अमृत विचार :** बरेली से नई दिल्ली जाने वाली ट्रेन का विस्तार किया गया है। अब यह ट्रेन कासगंज से बदायूं, बरेली होते हुए दिल्ली जाएगी। इसकी समय-सारणी जारी कर दी गई है। कासगंज से ट्रेन नंबर 14315 रात में 2 बजकर 50 मिनट पर चलेगी जो बदायूं 3 बजकर 45 मिनट पर पहुंचकर पांच मिनट के बाद रवाना हो जाएगी। 4 बजकर 35 मिनट पर बरेली के रामगंगा ब्रिज के बाद 4 बजकर 45 मिनट पर बरेली जंक्शन पहुंचेगी। यहां 10 मिनट रुकने के बाद 4 बजकर 55 मिनट पर चलेगी।

सुबह 10 बजकर 20 मिनट नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पहुंचेगी। फिर दिल्ली से 4 बजकर 35 मिनट पर ट्रेन संख्या 14316 से वापसी होगी। रात 9 बजकर 50 मिनट पर बरेली आएगी जहां 10 मिनट रुकने के बाद रवाना होगी। 10 बजकर 10 मिनट पर रामगंगा ब्रिज पहुंचेगी। 10 बजकर 45 पर बदायूं रेलवे स्टेशन फिर 5 मिनट बाद रवाना होकर 12 बजकर 10 मिनट पर कासगंज पहुंच जाएगी।

## झोपड़ीनुमा घर में लगी आग से सामान राख



जली झोपड़ी को देखते पीड़ित और ग्रामीण ● अमृत विचार

संवाददाता, वितरोई

**अमृत विचार:** मुजरिया थाना क्षेत्र के ग्राम बगुला नगला में अचानक एक झोपड़ी जलकर राख हो गई जिसमें गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया।

गांव निवासी माखन पुत्र टीकाराम पशुओं को जंगल से चराकर घर वापस लौट रहे थे, तभी उन्होंने देखा कि उनकी झोपड़ी से तेज आग की लपटें उठ रही हैं। उन्होंने शोर मचाना शुरू कर दिया। उनकी आवाज सुनकर आस-पास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। उन्होंने ग्रामीणों के सहयोग से आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन आग इतनी तेज थी कि झोपड़ी और झोपड़ी में रखा सामान पूरी तरह जलकर राख हो गया। पीड़ित ने बताया कि यही झोपड़ी ही उनका घर थी। इसी में वह परिवार के साथ रहते थे। पीड़ित ने बताया कि घटना के समय उनके भाई तेज सिंह और उनकी पुत्र वधू अस्पताल में भर्ती थे, जबकि घटना के समय घर पर कोई मौजूद नहीं था। घटना के बाद पीड़ित परिवार को भारी नुकसान हुआ है। पीड़ित ने घटना की सूचना थाने में देकर प्रशासन से सहायता की मांग की है।

## रोजगार मेला में 487 अभ्यर्थियों का हुआ चयन



रोजगार मेला का फीता काटकर उद्घाटन करते कॉलेज प्राचार्य

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** नेहरू मेमोरियल शिवनारायण दास पीजी कॉलेज परिसर में रोजगार मेला जिसमें विभिन्न कंपनियों ने प्रतिभाग किया। कंपनियों के द्वारा 487 अभ्यर्थियों का चयन किया।

जिला सेवायोजन कार्यालय के तत्वावधान में लगे रोजगार मेला का कॉलेज प्राचार्य आशीष कुमार सक्सेना ने फीता काटकर शुभारंभ कराया। साथ ही कहा कि ऐसे रोजगार मेले युवाओं को अपने कौशल के अनुसार रोजगार प्राप्त करने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करते हैं। साथ ही युवाओं को निजी क्षेत्र में आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त होता है। मेले में 22 कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। रोजगार मेला में 1016 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराकर साक्षात्कार में प्रतिभाग किया। जिसमें 487 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। इस मौके पर जिला सेवायोजन अधिकारी एसके यादव, चीफ प्रॉक्टर दास डिग्री कालेज संतोष कुमार सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## पुलिस ने छात्राओं को किया जागरूक

**इस्लामनगर, अमृत विचार:** मंगलवार को मिशन शक्ति फेस-5 अभियान के तहत थाना पुलिस टीम ने क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में पहुंचकर छात्राओं को महिला सुरक्षा, आत्मरक्षा और हेल्पलाइन सेवाओं के प्रति जागरूक किया।

महिला पुलिसकर्मियों ने छात्राओं को सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किसी भी आपात स्थिति में हेल्पलाइन नंबर 1090, 112, 181, 1076, 1098 और 1930 का उपयोग कर तत्काल सहायता प्राप्त की जा सकती है। साथ ही, छात्राओं को साइबर अपराध, छेड़छाड़, घरेलू हिंसा और अन्य अपराधों के प्रति सतर्क रहने के लिए भी जागरूक किया गया।



महिलाओं को जागरूक करती थाना पुलिस ● अमृत विचार

## परिषदीय विद्यालय में लगाया गया बाल मेला

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** विकास क्षेत्र सालारपुर के संविलियन विद्यालय लाही फरीदपुर का वार्षिकोत्सव और नवारम्भ उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने मेला लगाया। बच्चों ने शानदार कार्यक्रम प्रस्तुत कर तालियां बटोरी। मुख्य अतिथि सालारपुर के खंड विकास अधिकारी नितिन कुमार ने बच्चों का हौसला बढ़ाया। उन्होंने बच्चों को सम्मानित करते हुए हमेशा आगे बढ़ते रहने को प्रेरित किया।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई। इसके बाद बच्चों ने रंगारंग और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर समा बांधा और अभिभावकों का मन मोह लिया। नृत्य, गीत और नाटक जैसी विविध प्रस्तुतियों के माध्यम से बच्चों ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कैट वॉक, चेयर रैस, कलर दी पिक्चर आदि खेल कराए गए। कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित बाल मेले में चाट, पकौड़े व बताशे, जलजीरा, कस्टर्ड के आकर्षक स्टॉल लगाए गए।

जिन पर सभी ने भरपूर आनंद लिया। मेले का वातावरण उल्लास और उमंग से सराबोर रहा। नवारम्भ उत्सव के माध्यम से नए शैक्षिक सत्र में आयु वर्ग 6 को पूरा करने वाले बच्चों का स्वागत किया गया। बीडीओ ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए निरंतर प्रगति को प्रेरित किया। उनकी प्रतिभा की प्रशंसा की।

### विश्व हिन्दू परिषद ने मनाया रामोत्सव

**बिसौली, अमृत विचार:** बुधवार को कस्बे की अग्रवाल धर्मशाला में विश्व हिन्दू परिषद ने हिन्दू नववर्ष के उपलक्ष्य में रामोत्सव कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में हिन्दू रीति-रिवाजों और संस्कृति के अनुरूप जीवन शैली अपनाने पर जोर दिया गया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता क्षेत्रीय संगठन मंत्री मेरठ क्षेत्र मुकेश विनायक खांडेकर रहे। उनके द्वारा हिन्दू रीति रिवाजों और संस्कृति के अनुरूप जीवन शैली अपनाने पर जोर दिया। साथ ही जाति से ऊपर धर्म को रखने वाले विचारों की बात कही तथा संगठन को और मजबूत करने के तरीकों पर विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में अध्यक्ष रामचद्र गुप्ता, योगेश, अरविंद अग्रवाल, संदीप रस्तोगी, ज्ञानेश सिंह, मनु शर्मा, नमन पाराशर आदि उपस्थित रहे।

## नवरात्र में हुई मां कालरात्रि की पूजा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** वासंतिक नवरात्र में देवी मंदिरों में भक्त अपनी सुबह और शाम हाजिरी लगाकर पूजा-अर्चना कर रहे हैं। वातावरण उल्लास से भरा है। नवरात्र के सातवें दिन बुधवार को मां भगवती के सातवें स्वरूप कालरात्रि माता की पूजा-अर्चना की गई। श्रद्धालुओं ने मंदिरों व अपने घरों पर पूजा कर परिवार की खुशहाली के लिए मन्नत मांगी। श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा की प्रतिमा के पास विधिवत फल-फूल, नैवेद्य आदि चढ़ाकर पूजा-अर्चना की।

वासंतिक नवरात्र पर देवी मंदिरों में मां दुर्गा की आराधना क्रम जारी है। नवरात्र के सातवें दिन माता के दर्शन के लिए नगला स्थित शक्तिपीठ मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी रही। उनके जरिये पूजा-अर्चना कर जय माता दी का उद्घोष किया गया। विद्वानों के अनुसार दुर्गा की सातवें स्वरूप कालरात्रि के नाम से जाना जाता है। मां कालरात्रि का स्वरूप देखने में काफी भयानक व डरावना लगता है। लेकिन मां कालरात्रि हमेशा शुभ फल देने वाली है। मां कालरात्रि दुष्टों का नाश करने वाली है। राक्षस, दानव, दैत्य व भूत-प्रेत इनके स्मरण से ही भाग जाते हैं और सभी संकट व बाधाओं को दूर करती है। इनकी आराधना करने से हरेक संकटों से मुक्ति मिलती है। साथ ही, सुख व शांति का वास होता है।

इस दौरान श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के सातवें स्वरूप कालरात्रि की विधिवत पूजा-अर्चना किया। साथ ही अपने पूरे परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।



मां काली के दर्शन करते भक्त ● अमृत विचार

- नवरात्र में देवी मंदिरों पर जुट रही है भक्तों की भीड़, उल्लास भरा है वातावरण
- सुबह और शाम भक्त मंदिर पहुंचकर कर रहे मां भवानी के दर्शन




अम्बा हैल्थ क्लीनिक
डॉ. आर. एस. सिंह
B.A.M.S.
(आयुर्वेदाचार्य)
स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ
30 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त
ISO.9001:2015 Certify Tredmark Clinic
★पतले-दुबले ★गाल पिचके ★कमजोर स्त्री-पुरुष ★मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए परामर्श लें।
चिकित्सा जानकारी
भूख न लगना, अपच, कब्ज, गैस बनना, खाने के बाद शौचालय जाना, बच्चों का शारीरिक विकास न होना, पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना, बच्चों का बिस्तर गीला करना, मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना, कील-मुंहासे, झाइयां, सफेद दागों व सावलापन हटाना, सुन्दर दिखाना, बालों का समय से पहले झड़ना, टूटना, सफेद होना एवं गंजापन होना, खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।
किसी भी प्रकार का नशा जैसे
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा बीड़ी, सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।
स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं
- स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी होना
- हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
- इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
- वीर्य में शुक्राणु का कम होना
- ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
- यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
- मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना
वैवाहिक जीवन को सफल बनायें अविकसित सीना को सुडौल आकर्षक बनायें
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें
गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें
डॉ. साहब आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारंटी नहीं दे सकते
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :- 22 मार्च 2026, रविवार 5 अप्रैल 2026, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076

# बदायूं शहर को स्मार्ट सिटी का मिलेगा दर्जा

## सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने कुछ समय पहले नगर विकास मंत्री एके शर्मा से की थी मांग

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता के प्रयास से शहर को जल्द ही स्मार्ट सिटी का दर्जा मिलेगा। शासन ने शहर को स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित करने की हरी झंडी दे दी है। नवयुग पालिका योजना के अंतर्गत बदायूं नगर पालिका परिषद को स्मार्ट सिटी के लिए चयनित किया गया है। पांच साल के अंदर शहर को स्मार्ट सिटी बनाने के लिए पूरी कार्य योजना दी गई है। उसकी के अनुसार डीएम की अध्यक्षता में गठित परियोजना चयन समिति कार्य कराएगी। करोड़ों रुपए की लागत से विकास कार्यों को रफ्तार दी जाएगी। पांच साल में शहर की तस्वीर बदल जाएगी।

अगले साल उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव हैं। ऐसे में राज्य सरकार का पूरा फोकस विकास पर है। जनप्रतिनिधियों के प्रस्तावों पर मुहर लग रही है। पिछले दिनों सदर विधायक ने नगर विकास मंत्री से मुलाकात करके स्मार्ट सिटी का दर्जा देने की मांग की थी। सरकार ने डेढ़ लाख से अधिक की आबादी वाले नगर पालिका परिषद बदायूं को स्मार्ट सिटी बनाने के लिए अपनी मुहर लगा दी है। नवयुग पालिका योजना के अंतर्गत शामिल किया है। इस योजना के तहत क्या-क्या कार्य होंगे इसकी पूरी कार्य योजना भी जारी की गई है। स्मार्ट सिटी बनाने की संख्या में बदायूं शहर के अंतर्गत सामाजिक आधारभूत संरचना के तहत उत्सव भवन, ऑडिटोरियम, प्रदर्शनी, मोहल्ले और कॉलोनी के आसपास पार्कों का विकास, फुटपाथ का निर्माण, जंक्शन पर थीम आधारित ज्यामितीय डिजाइन प्रेस मेकिंग और सार्वजनिक स्थलों का सौंदर्य करण किया जाएगा। विकसित आधारभूत संरचना में तारों की आवश्यकता अनुसार ट्रांसफार्मर शिफ्टिंग निकाय के लिए रिकॉर्ड रूम भवन आदि बनाए जाएंगे। सिटी बस स्टेशन में सुविधा भी बढ़ेगी। सभी स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। सेफ एवं समावेशी संरचना के अंतर्गत आम लोगों के लिए सार्वजनिक स्थलों पर पिंक टॉयलेट की व्यवस्था होगी। साथी महत्वपूर्ण प्राचीन स्मारकों भावनाओं का संरक्षण तथा ऐतिहासिक धरोहर का संरक्षण और जल निकासी की व्यवस्था होगी। पर्यावरण के लिए थीम पार्क एनिमल वर्थ कंट्रोल सेंटर टीवी चार्जिंग स्टेशन स्मार्ट सोलर स्ट्रीट लाइट ,डार्क स्पॉट चिन्हित क्षेत्र में प्रकाश व्यवस्था होगी।



नगर विकास मंत्री एके शर्मा को मांग पत्र देते सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता।

- नवयुग पालिका योजना के तहत किया गया चयन
- आम नागरिकों के लिए मिल सकेंगी बेहतर सुविधाएं

### शहर के लोगों के लिए बढ़ाई जाएंगी सुविधाएं

स्मार्ट सिटी के अंतर्गत आम नागरिकों के लिए नाली सहित सीधी सड़क मलिन बस्तियों में प्रकाश व्यवस्था नाली निर्माण चौराहे जंक्शन आदि का सौंदर्यीकरण, स्मार्ट पार्किंग व्यवस्था, खेल सुविधाएं बढ़ाई जाएगी। डिजिटल लाइब्रेरी, कचरा डंपिंग स्थल की भी व्यवस्था रहेगी। आम लोगों को पर्यावरण के लिए हरित विकास पार्क शहरी बांध की पाठशाला की स्थापना और हरित क्षेत्र का विकास किया जाएगा। हरित पर्यावरण और पशु शव गृह बनेंगै।जल स्रोतों का जीर्णोद्धार और उनके संरक्षण की दिशा में भी कार्य होगा। सुरक्षा व समावेशी संरचना के अंतर्गत पर्यटन एवं सांस्कृतिक स्थल सेवाओं और सुविधाओं का विकास होगा नागरिकों को ऑनलाइन सेवाएं भी प्रदान की जाएगी। आर्थिक विकास की दिशा में जिस सर्वे के माध्यम से संपत्ति कर में वृद्धि और कौशल विकास केंद्र कॉमन फैसिलिटी टेंशन सेंटर और शक्ति रसोई का कार्य होगा।

"बदायूं को हमेशा अपनी मां माना है। जिस तरह एक मां की सेवा की जाती है उसी तरह वह जनता के लिए कार्य कर रहे हैं। अब बदायूं को स्मार्ट सिटी का दर्जा मिल जाने से सपना पूरा हुआ है। स्मार्ट सिटी बन जाने के बाद पूरे शहर की तस्वीर ही बदल जाएगी। डबल इंजन की सरकार बिना किसी भेदभाव के विकास को रफ्तार दे रही है।

– **महेश चंद्र गुप्ता**, सदर विधायक

# दो मंजिला मकान हुआ धराशायी, टला हादसा



धराशायी मकान को देखते स्थानीय लोग ● अमृत विचार

संवाददाता,वजीरगंज

**अमृत विचार:** कस्बा के एमएफ हाईवे पर स्थित गौरव आइस फैक्ट्री परिसर में बना दो मंजिला मकान अचानक भरभराकर धराशायी हो गया। गनीमत रही कि हादसे के समय मौके पर न तो मकान मालिक और न ही कोई कर्मचारी मौजूद था, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। बताया जा रहा है कि मकान की दीवार के बराबर से पड़ोसी द्वारा खोदकर छोड़ी गई नींव में पानी भर गया था। इसके साथ ही मकान के कमरे में बने पानी के टैंक में रिसाव होने के कारण लगातार नमी बढ़ती रही, जिससे भवन की नींव कमजोर हो गई। इसी कारण अचानक पूरा दो मंजिला मकान ढह गया। मकान गिरने से वहां खड़ी एक चार पहिया कार के ऊपर मलबा गिर गया, जिससे कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद आस-पास के क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। फैक्ट्री मालिक ने इस हादसे के लिए पड़ोसी को जिम्मेदार ठहराते हुए आरोप लगाया है कि लापरवाहीपूर्वक की गई खुदाई के चलते यह घटना हुई है। गौरतलब है कि धराशायी हुई बिल्डिंग में अमोनिया गैस के सिलेंडर भी मलबे में दबे होने की आशंका है।

# राम के जन्मोत्सव पर निकली शोभा यात्रा

संवाददाता,बिल्सी

- मंदिर में हुआ हवन, आकर्षण का केंद्र रहीं झांकियां

**अमृत विचार:** नगर के कछला बस स्टैंड के निकट स्थित मनकामेश्वर चांमुडा देवी मंदिर के तत्वावधान में बुधवार को भगवान राम के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में यहां आर्कषक झांकियों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। मंदिर पर पहले हवन-यज्ञ का कार्यक्रम संपन्न कराया। इसके बाद विधायक प्रतिनिधि नवनीत शाक्य और कोतवाल मनोक कुमार सिंह ने भगवान गणेश जी तिलक कर शोभा यात्रा का शुभांरभ किया।

शोभा यात्रा नगर के चंद्रशेखर आजाद मार्केट, बालाजी चौक, सर्राफा बाजार, बंबा चौराहा, मुख्य बाजार, कटरा बाजार होती हुई मोहल्ला संख्या आठ तक गई। उसके बाद थाना रोड, खैरी रोड होती हुई पुनः मंदिर पर आकर समाप्त हुई। जगह-जगह लोगों ने फूलों की वर्षा की। शोभायात्रा में एटा से आई भगवान गणेश, राम-सीता, सांई बाबा, शंकर-पार्वती, मां दुर्गा के नौ रुप आदि आर्कषक झांकियां लोगों के लिए आर्कषक का केंद्र बनी रही। शोभा यात्रा को सफल बनाने में पूर्व चेयरमेन ओमप्रकाश सागर, आदित्य माहेश्वरी, रजनीश शर्मा आदि का विशेष सहयोग रहा।

# स्टेमी नेटवर्क कार्यक्रम शुरू, भर्ती किए जा रहे हार्टअटैक के मरीज

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- जिला अस्पताल के आईसीयू कक्ष में भर्ती हैं मरीज, पांच मरीजों को राहत देकर किया गया रेफर

**अमृत विचार :** केंद्र सरकार की ओर से शुरू किए गए स्टेमी नेटवर्क कार्यक्रम को जिला अस्पताल में लागू कर दिया गया है। इस कार्यक्रम के तहत अब जिला अस्पताल में हार्ट के मरीजों को भर्ती किया जा रहा है। उनका प्राथमिक उपचार कर अलीगढ़ या दूसरे हायर सेंटरों को रेफर किया जाता है। यह सुविधा शुरू होने से जनपद के लोगों को लाभ मिलने लगा है।

जिला अस्पताल स्थित आईसीयू वार्ड में हार्ट के मरीजों के लिए तीन बेड आरक्षित किए गए हैं। केंद्र और राज्य सरकार के सहयोग से शुरू किए गए स्टेमी नेटवर्क कार्यक्रम के तहत जिला अस्पताल में अब तक हार्ट के 11 मरीजों को भर्ती कर जीवन दिया गया है। इनमें पांच मरीजों को प्राथमिक उपचार देने के बाद अलीगढ़ को रेफर कर दिया गया जहां वह स्वस्थ हो गए हैं जबकि 6 मरीजों को अस्पताल के डॉक्टरों ने भर्ती करने के बाद उनका कुछ दिन तक उपचार किया, उसके बाद परिजन स्वयं ही अन्य अस्पतालों में ले गए।

जिला अस्पताल के आईसीयू में भर्ती हार्ट के मरीज को देखते हुए वरिष्ठ फिजीशियन डा. एसएम कमल ने बताया कि यहां पर केंद्र और राज्य सरकार के सहयोग से अब हार्ट के मरीजों को स्टेमी नेटवर्क कार्यक्रम के तहत भर्ती किया जाता है। उन्होंने बताया कि हार्ट अटैक के दौरान मरीज के ब्लड संचार वाली नस बंद होती है जिससे मरीज को दिक्कत होती है और समय पर उपचार नहीं मिलने पर मरीज की मौत भी हो जाती है इसलिए मरीज को यहां पर भर्ती करने के बाद टेनेक्टिव प्लेज इंजेक्शन दिया जाता है जिससे बंद नस खुल जाती है और मरीज को फौरी तौर पर राहत मिल जाती है। उसके बाद मरीज को बाहर रेफर कर दिया जाता है। इंजेक्शन लगने के बाद चार से छह घंटे तक मरीज ठीक रहता है।

इस अवधि में मरीज को बाहर ले जाया जा सकता है। अभी तक 11 मरीजों को इस विधि से नया जीवन दिया जा चुका है।



मरीज को देखते डॉ. एसएम कमल।

### हार्ट अटैक के मरीजों के लिए तीन सदस्यीय टीम गठित

हार्ट अटैक के मरीजों को देखने को डा. एसएम कमल, डॉ. राजेश वर्मा और डॉ.राजीव गुप्ता को टीम में शामिल किया गया है। इस तीन सदस्यीय टीम में से कोई भी आकस्मिक चिकित्सा को उपलब्ध रहता है। हार्ट अटैक के मरीजों को आरक्षित तीनों बेड हर समय तैयार रहते हैं। इन बेड पर अन्य किसी मरीज को नहीं रखा जाता है। जिला अस्पताल प्रशासन की ओर से तीनों बेड को हर दिन साफ-सुथरा कर तैयार किया जाता है जिससे किसी भी आपात स्थिति में यहां पर मरीज को भर्ती किया जा सके।

"जिला अस्पताल में अब हार्ट अटैक के मरीजों को सुविधा मिल रही है। केंद्र सरकार के सहयोग से शुरू की गई स्टमी नेटवर्क कार्यक्रम के तहत जनपद को पहली बार यह सुविधा मिली है। अब हार्ट अटैक के मरीजों को त्वरित राहत देकर बाहर भेजा जा सकता है। जनवरी से 18 मार्च तक 11 मरीजों को इस सुविधा के चलते जीवन दान दिया गया है। अभी भी एक मरीज भर्ती है।

**डॉ. अमित वार्ष्णेय**–मुख्य चिकित्सा अधीक्षक

# मनाया गया हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम

**बिसौली, अमृत विचार:** निपुण भारत मिशन के तहत ब्लॉक परिसर में बुधवार को ब्लॉक स्तरीय हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। स्कूल चलो अभियान को लेकर शिक्षकों को प्रेरित किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व ब्लॉक प्रमुख अमित पाठक और भाजपा नेता हरिओम पाराशरी रहे। परिषदीय स्कूलों के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। खंड शिक्षा अधिकारी राजेंद्र प्रसाद व मधुकर उपाध्याय ने तीन से छह वर्ष तक उम्र के बच्चों का बाल वाटिका और परिषदीय विद्यालयों में शत-प्रतिशत नामांकन कराने पर चर्चा की। निपुण मूल्यांकन और आय आधारित परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र छात्राओं और उनके अध्यापकों को सम्मानित किया गया।

# चुनाव की आहट में ईद मिलने पहुंचे पूर्व मंत्री



गांव में ग्रामीणों को संबोधित करते पूर्व मंत्री आबिद रजा। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** सपा के राष्ट्रीय सचिव व पूर्व मंत्री आबिद रजा की शेखूपुर विधानसभा में आमद तेज हो गई है। बुधवार वह कई गांवों में ईद मिलने पहुंचे। ग्रामीणों ने उनसे आगामी चुनाव में शेखूपुर विधानसभा से लड़ने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि वह हर वर्ग के लोगों का ख्याल रखते हैं। क्षेत्र में विकास के लिए उन्हें ही विधायक बनना होगा।

पूर्व मंत्री गांव भसराला, जगत, रूपपुर, सखानू पहुंचे। ग्रामीणों ने ढोल नगाड़े बजाकर माल्यार्पण करके स्वागत किया। छत से पुष्प वर्षा की। बाइक सवार युवाओं ने नारेबाजी करते हुए जुलूस निकाला। गांव में आयोजित कार्यक्रम में ईद की मुबारकबाद देते हुए उन्होंने कहा कि शेखुपुर की जनता के वोट का हक जो बनता था यह सच है कि उसे नहीं निभाया गया। यहां के लोगों का सियासी शहूर खत्म किया गया। उन्हें सियासी गुलाम बनाया गया। सत्ता का डर दिखाया गया लेकिन काम कोई नहीं किया। प्रदेश की सियासत दो हिस्सों में बंट गई है। एक नफरत करने वालों की और दूसरी मोहब्बत करने वालों की। हमें उन लोगों को मजबूत करना है जो नफरत नहीं करते।

# 31 मार्च तक चलेगा राजस्व वसूली अभियान

- 51 करोड़ के सापेक्ष विभाग ने वसूल किए 42 करोड़ रुपये
- बड़े बकायेदारों पर सख्ती के आदेश, शासन को जाएगी रिपोर्ट
- खराब काम करने वाले कर्मचारियों पर होगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** शासन के निर्देश पर जनपद में बिजली विभाग की ओर से राजस्व वसूली महाअभियान शुरू हो गया है। मार्च महीने में बिजली विभाग को 51 करोड़ का वसूली लक्ष्य दिया गया है जिसके सापेक्ष अभी तक 42 करोड़ की वसूली की गई है। बड़े बकायेदारों पर सख्ती के साथ राजस्व वसूली करने के निर्देश हैं। विभाग में कम वसूली और खराब काम करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

पिछले साल एक दिसम्बर से बिजली राहत योजना की शुरूआत की गई थी। यह योजना तीन चरणों में चलाई गई थी। इस साल फरवरी तक चली योजना में विभाग को जनपद से करीब 63 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ था। इसके बाद भी जनपद में करीब 73 करोड़ का बिजली बिल बकाया है। बकाया धनराशि वसूलने के लिए शासन स्तर से एक मार्च से 31 मार्च तक राजस्व वसूली महाअभियान चलाया जा रहा है। सरकार ने इस महा अभियान के दौरान बिजली विभाग को 51 करोड़ का राजस्व वसूली का लक्ष्य दिया है जिसके सापेक्ष अब तक 42 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ है। अभी छह दिन का समय शेष है। इस समय में विभाग को किसी भी सूरत में लक्ष्य प्राप्त करना है। लक्ष्य प्राप्त करने को विभाग ने एसडीओ और अवर अभियंता को सख्ती करने के निर्देश दिए हैं। हर बिजली घर पर वसूली काउंटर बनाया गया है जहां आम बिलों के अतिरिक्त बकाया बिल जमा किए जा रहे हैं।

खबरें www.amritvichar.com पर भी पढ़ें

### बड़े बकायेदारों पर सख्ती के निर्देश

विभागीय अधिकारियों के निर्देश हैं कि कमर्शियल बिजली उपभोक्ताओं, दुकानदारों, व्यापारियों पर बिल वसूली अभियान सख्ती के साथ चलाया जाए। उनसे हर हाल में बिल जमा कराए जाएं। बड़े बकायेदारों से संपर्क किया जाए, उन्हें बिल जमा करने को प्रेरित किया जाए। बिजली घरों पर आने वाले उपभोक्ताओं को वसूली महाअभियान के बारे में जागरूक किया जाय। अगर संभव हो तो उनके कनेक्शन काट दिए जाएं जिससे उन पर दबाव बनाया जा सके। अभियान 31 मार्च तक चलेगा।

### सरकारी अस्पतालों पर है सवा करोड़ बकाया

जनपद में बिजली विभाग का सरकारी अस्पतालों पर करीब सवा करोड़ रुपया बकाया है। इसमें जिला अस्पताल, जिला महिला अस्पताल से लेकर कस्बों गांवों में चल रहे सीएचसी और पीएचसी भी शामिल हैं। सभी सरकारी अस्पतालों पर सख्ती के साथ बिल वसूली का प्रयास करने के निर्देश दिये गए हैं ताकि विभाग को अधिक से अधिक राजस्व प्राप्त हो सके और शासन का लक्ष्य हासिल किया जा सके। इसके लिए विभाग ने क्षेत्र में एसडीओ और जेई को हर दिन भ्रमण करने के निर्देश दिए हैं।



"सरकार ने बिजली विभाग को 51 करोड़ का राजस्व वसूल करने का लक्ष्य दिया है जिसमें अभी तक 42 करोड़ का राजस्व प्राप्त हो चुका है। शेष राजस्व प्राप्त करने को अभी छह दिन का समय शेष है। साथ ही वसूली अभियान में खराब काम करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। हर दिन की मॉनिटरिंग की जा रही है। लापरवाही क्षम्य नहीं होगी।

**चंद्रशेखर कुमार** –अधीक्षण अभियंता

रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल
(उ.प्र. सरकार, आयुष मंत्रालय भारत सरकार एवं एनसीआईएम, नई दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त)
पता : सेक्टर-7, राम गंगा नगर योजना, डोहरा रोड, बरेली
शल्यतंत्र विभाग :- बवासीर, भगन्दर व फिशर का क्षार-सूत्र विधि द्वारा सफल इलाज, पैरों की नसों में नीलापन/सूजन वेरीकोज वेन्स, कॉर्न, कुठारी/पैर के तल में गांठ, सिस्ट और पुराने से पुराने जख्म का आयुर्वेदिक दवाईयों द्वारा इलाज।
पंचकर्म विभाग :- शरीर की अशुद्धियों को दूर करना (Detoxification) फालिज, सियाटिका, गठिया का स्वेदन, शिरोधारा, बस्ति, जलौका, वमन, नस्य आदि प्रक्रिया द्वारा इलाज।
बस्ति चिकित्सा | जलौकावचारण चिकित्सा | जानु बस्ति चिकित्सा | नस्य चिकित्सा | पत्र पिण्ड पोट्टली स्वेद चिकित्सा | शिरोधारा चिकित्सा | नेत्र तर्पण चिकित्सा
प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग:- नार्मल डिलीवरी, रसौली, PCOD, श्वेत प्रदर, स्तन में गांठ, इन्फर्टीलिटी आदि रोगों का आयुर्वेदिक दवाईयों द्वारा इलाज।
कौमारभृत्य/बाल रोग विभाग :- बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए स्वर्णप्राशन संस्कार, ऑटिज्म (Autism), loss of concentration या ADHD विकार तथा सेरेब्रल पेल्सी, मेन्टल रिटार्डेशन, डिले माइलस्टोन आदि बीमारियों का आयुर्वेदिक इलाज।
शालाक्य तंत्र विभाग :- सिरदर्द, माइग्रेन, तर्पण विधि द्वारा बच्चों के नज़र के चश्में का नम्बर कम करना। नाक के अन्दर मांस बढ़ जाना व कान के पर्दे के छेद का आयुर्वेदिक औषधियों द्वारा बिना ऑपरेशन सफल इलाज।
Reception : 9520876144
Helpline No.: 8077808309
निःशुल्क योग सत्र
(ऑफलाइन /ऑनलाइन) केवल रजिस्ट्रेशन करने पर मो. 9520876144
निःशुल्क भर्ती सुविधा
(निर्धारित समय अवधि के लिए)

# संदिग्ध परिस्थियों में युवक की मौत



मौका-मुआयना करते एसपी देहात डॉ. हृदेश कठेरिया



अंडरपास में शव मिलने के बाद मौके पर मौजूद पुलिस

संवाददाता, इस्लामनगर

**अमृत विचार :** थाना इस्लामनगर क्षेत्र के गांव कपरोल के पास निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेस वे के बराबर बनी सर्विस रोड के अंडरपास के नीचे एक युवक का शव मिला जिसका सिर कुचला हुआ था। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। एसपी देहात डॉ. हृदेश कठेरिया और सीओ केके तिवारी ने मौका मुआयना किया। फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्र किए। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

बुधवार दोपहर कुछ महिलाएं और बच्चे अंडरपास के पास घास काट रही थीं। इसी दौरान उन्होंने शव देखा। राहगीरों को जानकारी दी। सूचना मिलने थाना प्रभारी उदयवीर सिंह मौके पर पहुंचे। युवक के सिर से खून निकल रहा था। प्रतीत हो रहा था कि उसके सिर पर धारदार हथियार से वार किया गया हो। युवक की जेब चेक की तो उसमें एक बीड़ी और कुछ रुपये मिले। पास में ही बड़ा पत्थर पड़ा था जिससे वार कर युवक की हत्या की आशंका है। कुछ दूरी पर शराब की बोतल और पकौड़ी की थैली भी बरामद हुई। आशंका जताई जा रही है कि शराब पीने के बाद हत्या की गई और शव अंडरपास के नीचे ले जाकर फेंका गया। फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए और एसओजी ने भी जांच की। थाना प्रभारी ने आस-पास के गांवों के प्रधानों को बुलाकर युवक की पहचान का प्रयास किया पर, शिनाख्त नहीं हो सकी। थाना क्षेत्र में युवक का फोटो भेजकर जानकारी की गई है।

## न्यूज ब्रीफ

### छेड़छाड़ का आरोपी भेजा जेल

बदायूं, अमृत विचार : जरीफनगर पुलिस ने छेड़छाड़ के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। मिशन शक्ति की टीम ने गांव सोनबूड़ी निवासी महावीर पुत्र नत्थूलाल को युवती का पीछा कर अश्लील कमेंट करते पकड़ा था। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था।

### वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

कुंवरगांव, अमृत विचार : कुंवरगांव पुलिस ने बुधवार को वारंटी गांव बाबट निवासी मुन्नवर पुत्र मुंशी को गिरफ्तार किया। उस पर अपमान करने का मामला दर्ज है। आरोपी को भेजा गया गया है।

### दो बाइकों की भिड़ंत में इलेक्ट्रीशियन की मौत

बदायूं, अमृत विचार : अलापुर थाना क्षेत्र में दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में एक इलेक्ट्रीशियन की मौत हो गई जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। परिजनों के बाद परिजनों में कोहराम मचा है। थाना अलापुर क्षेत्र के कस्बा ककराला के वार्ड 22 निवासी मोहम्मद जावेद पुत्र नजीबुल्लाह खां इलेक्ट्रीशियन थे। मंगलवार सुबह वह बाइक से अपने मोहल्ले के ही मुंतखिब सकलैनी के साथ काम करने बाइक से बदायूं शहर आ रहे थे। कस्बा के पास ही विपरीत दिशा से आई बाइक से उनकी बाइक की टक्कर हो गई। हादसे में मोहम्मद जावेद और मुंतखिब घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पुलिस पहुंची। दोनों को जिला अस्पताल ले जाया गया। मोहम्मद जावेद की हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने राजकीय मेडिकल कॉलेज भेजा। वहां से भी रेफर करने के बाद परिजन उन्हें दिल्ली के अस्पताल ले जा रहे थे लेकिन रास्ते में ही घायल ने दम तोड़ दिया।

### नगला मंदिर जाकर पूजा-अर्चना करेंगे सांसद आदित्य यादव

बदायूं, अमृत विचार : बदायूं सांसद आदित्य यादव 26 मार्च को अपने संसदीय क्षेत्र का भ्रमण करेंगे। वह सुबह 9 बजे नगला मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना करेंगे। दोपहर एक बजे विधानसभा गुन्नौर के गांव सिरोहा पहुंचकर श्री समाधि बाबा आश्रम की मढ़ी पर आयोजित नवरात्रि मेला में भाग लेंगे। वह स्थानीय श्रद्धालुओं से संवाद भी करेंगे।



सांसद आदित्य यादव

# प्लांट पर हत्याकांड : मुख्य हत्यारोपी के तहेरे भाई का गेस्ट हाउस किया गया सील

## अभय प्रताप के पिता ने सिख परिवार की जमीन पर जबरन कब्जा कर कराया था गेस्ट हाउस का निर्माण

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : दातागंज क्षेत्र के गांव सैंजनी स्थित एचपीसीएल प्लांट पर दो अधिकारियों के हत्याकांड मामले में तहसील प्रशासन की कार्रवाई जारी है। प्रशासन ने हत्याकांड के मुख्य आरोपी अजय प्रताप सिंह के तहेरे भाई अभय प्रताप का गेस्ट हाउस सील कर दिया है। बताया जा रहा है कि अभय प्रताप के पिता राकेश सिंह ने एक सिख परिवार की इस जमीन पर कब्जा कर निर्माण कराया था। इसके बाद सिख परिवार विदेश में जाकर बस गया था। पुलिस ने आगे की जांच तेज कर दी है।

प्लांट के उप महाप्रबंधक सुधीर गुप्ता और सहायक मुख्य प्रबंधक हर्षित मिश्रा की 12 मार्च को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मुख्य हत्यारोपी अजय प्रताप सिंह और दो सहयोगी धर्मेंद्र यादव और मुनेंद्र विक्रम सिंह को जेल भेजा गया। उसकी दुकानों को जमींदोज किया था। अब पुलिस राकेश सिंह की कुंडली खंगाल रही है। राकेश सिंह परिवार समेत फरार है। एसडीएम धर्मेंद्र कुमार की मौजूदगी में तहसील प्रशासन ने बुधवार को राकेश सिंह के बेटे अभय प्रताप का गांव स्थित गेस्ट हाउस सील कर दिया। यह फार्म हाउस दातागंज से म्याऊं जाने वाले मार्ग पर बिजलीघर के पास है जिसमें एक बड़ा लॉन, हाल की तरह बड़ा कमरा, फर्नीचर और एक छोटा कमरा था। बताया जा रहा है कि यह गेस्ट हाउस कथित तौर पर जमीन पर कब्जा कर बनाया गया था। सूत्रों के अनुसार कुछ साल पहले यह जमीन सिख परिवार की थी।

आरोप है कि जमीन पर कब्जा किया गया। चारदीवारी बनाकर गेस्ट हाउस बना लिया। इसके बाद से वह सिख परिवार कनाडा जाकर रहने लगा। प्रशासन की आगे की जांच में नपाई की जाएगी जिसके बाद निर्णय लिया जाएगा कि यह जमीन ग्राम समाज की है या सिख परिवार की। बताया जा रहा है कि तहसील प्रशासन तहसीलदार कोर्ट में मामला दर्ज कर सकता है। एसडीएम ने बताया कि जांच की जा रही है। प्रथम दृष्टया पता चला है कि जमीन पर कब्जा कर फार्म हाउस बनाया गया था। जमीन की पैमाइश की जा रही है।



एसडीएम धर्मेंद्र कुमार की मौजूदगी में गेस्ट हाउस सील करते कर्मचारी।

- एसडीएम ने कराई सीज की कार्रवाई, आगे कार्रवाई और तेज करने की तैयारी

### पुलिस को हत्यारोपी के सहयोगियों की तलाश

प्लांट में हुए इस दोहरे हत्याकांड में पुलिस मुख्य आरोपी के दो सहयोगियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है, पर माना जा रहा है कि उसके और भी सहयोगी हो सकते हैं। वह प्लांट की गाड़ी में बैठकर भीतर गया और चार मिनट में घटना को अंजाम देकर आसानी से बाहर आ गया था। बताया जा रहा है कि गाड़ी प्लांट के भीतर जाने पर गेट बंद कर दिया जाता था लेकिन हत्याकांड वाले दिन लगभग चार मिनट तक गेट बंद नहीं किया गया। ऐसे में पुलिस को और भी सहयोगी होने का अंदेशा है। यह भी पता करने का प्रयास है कि मुख्य हत्यारोपी ने हत्याकांड वाले दिन या घटना को अंजाम देने के बाद किससे संपर्क किया। संभावना जताई जा रही है कि वह हत्या करने के बाद अपने घर गया हो।

# खाद्य वस्तुओं की दुकानों में लिए गए चार नमूने



सैंपल लेने के बाद कार्रवाई पूरी करते खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार: नवरात्र के दौरान खाद्य सुरक्षा विभाग सैंपल भरने की कार्रवाई कर रहा है। अधिकारियों ने विभिन्न प्रतिष्ठानों से खाद्य पदार्थ के चार सैंपल लिए। उन्हें जांच को भेजा है। सहायक आयुक्त (खाद्य)-द्वितीय सीएल यादव व मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी खाद्य सुरक्षा आरपी सिंह ने टीम के साथ बाजार में छापा मारा। विभागीय अधिकारियों ने बिल्सी स्थित मुकेश किराना स्टोर से कुट्टू आटा, का नमूना संग्रहित किया। डहरपुर कलां दातागंज स्थित कमलेश के प्रतिष्ठान से दूध का नमूना, मेन चौराहा दातागंज स्थित अरूण कुमार के प्रतिष्ठान से साबूदाना, भटौली स्थित अनमोल डेरी से दूध का नमूना लिया। इन नमूनों को जांच के लिए लैब में भेजा है।

# दातागंज नपा में नामित सदस्यों ने ली शपथ



शपथ लेते नामित सदस्य। ● अमृत विचार

संवाददाता ,दातागंज

अमृत विचार : निकायों में शासन की ओर से नए सदस्य नामित किए हैं। विभिन्न निकायों में नामित सदस्यों को दातागंज विधायक राजीव कुमार सिंह की उपस्थिति में शपथ ग्रहण की।

दातागंज नगर पालिका में आयोजित कार्यक्रम में अधिशासी अधिकारी द्वारा नामित सभासदों दिव्या सक्सेना, सुमित वर्मा, पंकज कश्यप, अंशुल सागर एवं जसवीर राठौर को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। वहीं उसहैत नगर पंचायत में आयोजित कार्यक्रम अधिशासी अधिकारी ने शासन द्वारा मनोनीत सभासदों टिंकू राठौर, केशव भारद्वाज व धीरज गुप्ता को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। उसावां नगर पंचायत में आयोजित कार्यक्रम में वहां के ईओ देवेंद्र कुमार गौतम के द्वारा नामित सदस्यों रजकुमार गुप्ता, शेरसिंह सागर और तुलसीराम ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। इस मौके पर विधायक राजीव कुमार सिंह, ओम प्रताप सिंह, राहुल कुमार लोधी, नारायण गुप्ता, डीके गुप्ता, अरुल प्रताप सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

**इन सभासदों ने ली शपथ**

**ओरछी :** नगर पंचायत फैजगंज बेहटा में नामित सभासदों ने विधिवत पद एवं गोपनीयता की शपथ ली।

# नकदी-जेवर संग युवती लापता, युवक पर दर्ज हुआ अपहरण का केस

कुंवरगांव, अमृत विचार : थाना कुंवरगांव क्षेत्र के एक गांव से युवती के लापता होने पर पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज की है। युवती के परिजन की तहरीर पर गांव बनगवां निवासी एक युवक पर उसके अपहरण की रिपोर्ट दर्ज हुई है। युवती साथ में घर से नकदी और जेवर भी ले गई है। पुलिस टीम आरोपी की तलाश में दबिश दे रही है।

युवती 22 मार्च की रात घर पर अकेली थी। अगले दिन सुबह उसके घर से लापता होने की जानकारी हुई। काफी तलाश के बाद भी जब कोई सुराग नहीं लगा तो परिजनों ने शिकायत दर्ज कराई। आरोप है कि युवती अपने साथ सोने के आभूषण और करीब ढाई लाख रुपये नकद भी ले गई है। थाना प्रभारी राजेश कौशिक ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। मामले की जांच की जा रही है।

# एसडीएम ने नामित सदस्यों को दिलाई शपथ



नामित सदस्यों को शपथ दिलाते एसडीएम ● अमृत विचार

संवाददाता, बिल्सी

अमृत विचार : नगर पालिका परिषद में शासन द्वारा नामित पांच सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। एसडीएम प्रेमपाल सिंह ने सभी नामित सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ लेने वालों में गगन राठी, अनुराग शाक्य, संजीव वार्ष्णेय, नेहा वाल्मीकि एवं अमित मिश्रा शामिल रहे। समारोह के दौरान सभी सदस्यों ने नगर के विकास, स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने और जनसमस्याओं के समाधान के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में विधायक हरीश शाक्य मुख्य रूप से मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि सभी सदस्य जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देते हुए नगर के समग्र विकास में सक्रिय भूमिका निभाएं। पालिका चेयरमैन ज्ञान देवी सागर ने कहा कि नगर के विकास कार्यों को गति देने के लिए सभी सदस्यों का सहयोग आवश्यक है। पूर्व पालिकाध्यक्ष ओमप्रकाश सागर, ईओ वेदप्रकाश यादव, प्रखर माहेश्वरी, बागीश माहेश्वरी, पीयूष राठी आदि मौजूद रहे।

### मनोनीत सभासदों को भी शपथ, किया सम्मानित

बिसौली , अमृत विचार : नगर पालिका परिषद में मनोनीत सभासदों का शपथ ग्रहण समारोह मंगलवार को गरिमामय माहौल में आयोजित किया गया। योगी सरकार द्वारा नामित सभासद नवनीत शर्मा, गोपाल वार्ष्णेय, महेश शाक्य, मंगत राम वाल्मीकि और संगीता रस्तोगी को एसडीएम राशि कृष्णा ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद अध्यक्ष अबरार अहमद ने सभी मनोनीत सभासदों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया और उन्हें नगर के विकास कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सभासद नवनीत शर्मा (सोनू) ने कहा कि वे राजनीतिक भावना से ऊपर उठकर योगी सरकार की मंशा के अनुरूप नगर के चहुंमुखी विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद भाजपा नेता दुर्गेश वार्ष्णेय और पूर्व ब्लॉक प्रमुख अमित पाठक ने प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का विस्तार से उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार हर वर्ग के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम का संचालन पूर्व मंडल अध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा ने किया।



मनोनीत सभासदों का स्वागत करते लोग ● अमृत विचार

# 7.51 करोड़ का ऋण किया गया स्वीकृत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार: मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में ऋण वितरण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें बैंकों की ओर से लाभार्थियों को 7.51 करोड़ रुपए के स्वीकृति पत्र बांटे गए। कार्यक्रम का आयोजन अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वैभव शर्मा की उपस्थिति में हुआ। भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक राकेश्वर प्रसाद द्वारा उपस्थित आवेदकों एवं लाभार्थियों को योजना की जानकारी दी गई। इसके बाद ऋण स्वीकृति पत्र बांटे गए। भारतीय स्टेट बैंक द्वारा कुल 7.51 करोड़ रुपये के ऋण स्वीकृत किए गए। इनका वितरण पात्र लाभार्थियों में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य प्रबंधक ऋण एवं एनपीए नवल किशोर अग्रवाल, मुख्य प्रबंधक एएमसीसी पुष्पेन्द्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

# खनन में पकड़ी मिट्टी ले जा रही ट्रैक्टर-ट्राली

उझानी, अमृत विचार: थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में जोरों पर चल रहा है। अवैध खनन पर एक तरफ अधिकारी खनन माफिया पर तंज कस रहे हैं वहीं कार्रवाई से बेखौफ खनन माफिया लगातार मिट्टी के खनन में लिप्त है। बुधवार को अवैध खनन कर मिट्टी लेकर जा रहे ट्रैक्टर ट्राली को खनन अधिकारी ने पकड़ लिया जिसे सीज कर थाना परिसर में खड़ा करा दिया है।

# ससुराल से लौट रहे युवक से मारपीट करके लूट लिया मोबाइल

विजय नगला, अमृत विचार : बिनावर क्षेत्र में ससुराल आए युवक की गाड़ी रोककर कुछ लोगों ने मारपीट की। युवक का मोबाइल लूट लिया। पीड़ित की सूचना पर पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है। कोतवाली सिविल लाइन क्षेत्र के मोहल्ला जवाहरपुरी निवासी आकाश सक्सेना ने पुलिस को जानकारी देकर बताया कि वह मंगलवार को अपनी कार से बिनावर क्षेत्र के गांव बिलहत में अपनी ससुराल आए थे। जिसके बाद शाम के समय वापस बदायूं आ रहे थे। रास्ते में गांव नदौलिया के पास कुछ लोगों ने उनकी कार रुकवा ली और गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। कार से मोबाइल लूट लिया। वह उनकी चंगुल से छूटकर थाने पहुंचे। पुलिस उनके बताए घटनास्थल पर पहुंची। मौके से कुछ लोगों को हिरासत में लेकर थाने ले गई। जहां उनसे पूछताछ की जा रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक अरिहंत कुमार सिद्धार्थ ने बताया कि घटना की सूचना मिली थी। मौके से कुछ लोगों को गिरफ्तार है। मामला मारपीट का लग रहा है। जांच की जा रही है।

**बदलाव** | स्मार्ट कार्ड में दर्ज होंगे आधार नंबर, ओटीपी से किया जाएगा सत्यापन

# बिना कार्ड नहीं कर सकेंगे यात्रा

- अब तक दिव्यांगजन प्रमाण पत्र की फोटोकॉपी दिखाकर कर रहे थे निशुल्क यात्रा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार: एक अप्रैल से कई योजनाओं में परिवर्तन हो जाएगा। दिव्यांगजन अब रोडवेज बसों में मात्र प्रमाण पत्र दिखाकर यात्रा नहीं कर पाएंगे। उन्हें स्मार्ट कार्ड दिखाना ही होगा। इस नियम को एक अप्रैल से अनिवार्यता के साथ लागू किया जा रहा है।

परिवहन निगम के नियमानुसार 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग को बस में निशुल्क यात्रा का लाभ दिया जाता है] वहीं 80 प्रतिशत दिव्यांगजनों के साथ सहायक के रूप में एक और व्यक्ति निशुल्क सफर कर सकता है।

स्थानीय परिवहन डिपो के आंकड़े बताते हैं कि जिले के 105 दिव्यांगजनों को रोडवेज बसों में निशुल्क यात्रा का लाभ मिल रहा है। अब यात्रा के नियमों में बदलाव हो रहा है। एक अप्रैल से लागू होने वाले नियमानुसार दिव्यांगजन दिव्यांगता के प्रमाणपत्र की फोटो कॉपी दिखाकर यात्रा का लाभ नहीं ले पाएंगे। यात्रा करने के लिए दिव्यांगजनों को बस के परिचालक को स्मार्ट कार्ड दिखाना होगा।

### स्मार्ट कार्ड टिकट मशीन पर किया जाएगा स्वैप

एक अप्रैल से परिवहन निगम द्वारा नियमों में बदलाव किया गया है। दिव्यांगजन स्मार्ट कार्ड के बिना निशुल्क यात्रा का लाभ नहीं ले पाएंगे। उन्हें स्मार्ट कार्ड बस परिचालक को दिखाना होगा। दिव्यांग स्मार्ट कार्ड में यूडीआईडी नंबर के साथ आधार व पंजीकृत मोबाइल नंबर भी दर्ज होगा। इलेक्ट्रॉनिक टिकट मशीन में इसे स्वैप करने पर कार्ड की यूडीआईडी ईटीएम पर प्रदर्शित होगा और पंजीकृत मोबाइल नंबर पर ओटीपी जाएगी। इसे दर्ज कर गंतव्य तक यात्रा का टिकट परिचालक उपलब्ध कराएगा। इस पर किराया शून्य प्रदर्शित रहेगा।

### अब तक परिचालक कर रहे थे जागरूक

एक अप्रैल से बदलने वाले नियमों को लेकर परिचालक दिव्यांगजनों को जागरूक कर रहे थे ।दिव्यांगजनों को यात्रा के लिए स्मार्ट संबंधी जानकारी के प्रति जागरूक किया जा रहा था, जिससे एक अप्रैल से उन्हें रोडवेज बस में यात्रा करने के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न होने पाए।

> परिवहन निगम की ओर से दिव्यांगजनों की यात्रा को लेकर नियम बदला गया है। यह एक अप्रैल से लागू हो जाएगा। एक अप्रैल से दिव्यांगजन स्मार्ट कार्ड के जरिए ही निशुल्क यात्रा लाभ रोडवेज बसों में ले पाएंगे। स्मार्ट कार्ड के लिए दिव्यांगजनों को बीते साल के नवंबर से ही जागरूक किया जा रहा था। इसको बनवाने की व्यवस्था क्षेत्रीय कार्यालय को दी गई थी।
>
> **राजेश पाठक**, एआरएम


रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
विशाल चिकित्सा शिविर
हड्डी रोग विभाग | स्त्री रोग विभाग | बाल रोग विभाग
शल्य रोग (सर्जरी) विभाग | मेडिसिन विभाग | चेस्ट एवं टी.बी विभाग
नेत्र रोग विभाग | नाक, कान, गला रोग विभाग
यह सुविधा 23 मार्च 2026 से 10 अप्रैल 2026 तक
समस्त रोगों के इलाज की उच्च स्तरीय सुविधाएं
रजिस्ट्रेशन शुल्क मात्र 20/- रूपये
डॉक्टर द्वारा परमार्श मुफ्त
भर्ती एवं पलंग मुफ्त
भर्ती मरीजों का एक्स-रे मुफ्त
भर्ती मरीजों की सामान्य जाँचें मुफ्त
डिलीवरी मुफ्त
भर्ती मरीजों का ब्रेन एमआरआई 1500/- में स्पाईन एमआरआई 2000/- में
भर्ती मरीजों का अल्ट्रासाउण्ड मुफ्त
भर्ती मरीजों सी.टी. 20% की छूट पर एवं ईको 500/- में
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें

इम्पैनल्मेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज)
1. आयुष्मान भारत योजना
2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP)
3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन)
4- सी.ए.आई.आई. (CARI)
5. एक्स-सर्विसमैन कंट्रीब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ESIC)
6. आई.वी.आर.आई. (IVRI)
7. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
8. बी.एस.एन.एल.
9. प्रधान मंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान
10. सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स (CAPF)
11. सेंट्रल गर्वमेन्ट हैल्थ स्कीम

इम्पैनल्मेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज)
1. एचडीएफसी एर्गो
2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड
3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड
4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस
5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी मिमिटेड
6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
9. युनिवर्सल सोम्पो जनरल इन्श्योरेन्स
10. एसबीआई इन्योरेन्स
11. आईसीआईसीआई लोम्बार्ड
12. रिलायन्स जनरल इन्योरेन्स कं. लि.
*इनवेजस रेडियोलॉजी की जाँचें छोड़ कर *T&C Apply
हैल्पलाइन नं. : 9520876140, 8534088093, 9520876145
इमरजेंसी भर्ती की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध अनुभवी डाक्टरों की देख-रेख में
एन.ए.बी.एच.* 'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था



अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002

**सूचना**
हमने अपने पुत्र रिंकू राठौर व पुत्रवधू पूनम को उनके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण उन्हें अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिय है। भविष्य में उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **शकुन्तला देवी पत्नी श्री दरबारी लाल दरबारी लाल पुत्र श्री इन्द्रपाल निवासी बनखण्डी नाथ मन्दिर के पास जोगीनवादा बारादरी थाना क्षेत्र जिला बरेली**

**सूचना**
मैंने अपने पुत्र सर्वेश कुमार को उसके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण उसे अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **रामपाल सिंह पुत्र प्रीतम लाल निवासी ग्राम बेबेल बरकतपुर तह. फरीदपुर जिला बरेली**

**सूचना**
मैंने अपने पुत्र मो. फैज़ान को उसके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण उसे अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **जागीर हुसैन पुत्र तकदीर हुसैन नि. महेशपुर थाना सी.बी.गंज, बरेली**

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु लड़कों की
संपर्क करें
कंपटीशन बुक हाउस
कॉलेज बुक हाउस
5,6,7 न्यू कॉलेज रोड मार्केट, बरेली

**RAM MURARI PUBLIC SCHOOL (SEN. SEC.)**
Meeranpur Katra, Shahjahanpur
We are hiring
• PGT Physics
• PGT English
• Primary Teacher's
Interested candidates may send their resume on
rammuraripublicschool@gmail.com
or 6398020476

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

